दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 163 जयपुर, गुरुवार, 23 मई, 2024 । वैशाख, शुक्ल पक्ष- पूर्णिमा, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

**भीषण गर्मी से तपा प्रदेश:** बाड़मेर और फलोदी रहे प्रदेश के सबसे गर्म स्थान... सामान्य जनजीवन हुआ प्रभावित

## तावड़े का 'कर्फ्यू'...दोपहर में सड़कें वीरान, बॉर्डर पर पारा $50^0$ के पार

बेधड़क | जयपुर

भीषण गर्मी के चलते समूचा प्रदेश भट्टी सा तप रहा है। आसमान से आग बरस रही है। बुधवार को प्रदेश में पारे के उछाल ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया। भारत पाक बॉर्डर पर पारा 50 के पार पहुंच गया। सीमावर्ती इलाका बाड़मेर और फलौदी प्रदेश में सबसे गर्म रहा। बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 72 घंटों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी की प्रबल संभावना जताई है। विभाग ने आगामी 5 दिन राज्य के अनेक स्थानों पर हीटवेव से तीव्र हीटवेव व कहीं-कहीं ऊष्णरात्रि (वार्म नाईट) का दौर जारी रहने की प्रबल संभावना जताई है। वहीं मौसम विभाग ने अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, पाली और श्रीगंगानगर के लिए गर्मी का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रदेश के जैसलमेर में भी गर्मी चरम पर है। प्रदेश में बुधवार की सुबह से शुरू हुआ तन झुलसाने वाली गर्मी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी रहा। बुधवार को प्रदेश के बाड़मेर में 48, फलोदी में 47.8, चूरू में 47.4, जैसलमेर में 47.2, पिलानी में 46.8 व श्रीगंगानगर में 46.7 डिग्री दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर की बात करें तो यहां दिन का तापमान 45.4 डिग्री दर्ज किया गया।



फोटो: राजेश कुमावत

भीषण गर्मी में सूनसान हुई सड़कें

$48^0$ बाड़मेर
$47.2^0$ जैसलमेर
$47.8^0$ फलोदी
$46.8^0$ पिलानी
$46.7^0$ श्रीगंगानगर
$45.4^0$ जयपुर



### सीवियर हीटवेव चलने और वार्म नाइट की आशंका

राजधानी जयपुर में भी पिछले दो दिनों से रात का तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आया। यह पूरे राज्य में सर्वाधिक गर्म रात वाला शहर रहा है। तेज गर्मी के कारण जयपुर में रात में भी दिन के जैसी गर्मी महसूस होने लगी है। मौसम केंद्र ने 24 और 25 मई का जयपुर में रेड अलर्ट जारी करते हुए यहां सीवियर हीटवेव चलने और वार्म नाइट (रात में तेज गर्मी रहने) की आशंका जताई है। एक्सपर्ट के अनुसार जहां तापमान 45 डिग्री से ज्यादा है, वहां गर्मी का रेड अलर्ट होता है।

दोपहर में लू के थपेड़ों ने सड़कों पर निकले लोगों की हालत खस्ता कर दी। हर कोई अपने सिर-चेहरे आदि का बचाव करता नजर आया। सूरज का ताप इतना ज्यादा है कि कोलतार की सड़कें बेतहाशा ढंग से गर्मी फेंक रही है। शहर के व्यस्त सड़क मार्गों से लेकर बाजार आदि दोपहर से लेकर शाम तक वीरान ही दिखाई दे रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग होटलों-रिसोर्ट्स आदि में बने स्विमिंग पूल में नहाने के लिए पहुंचने लगे हैं।

**जरूरी खबर**

### ब्रिटेन में चार जुलाई को होंगे आम चुनाव



**लंदन।** ब्रिटेन में आम चुनाव की तारीख का ऐलान हो गया है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। कैबिनेट की बैठक में बुधवार को पीएम ऋषि सुनक ने इसका ऐलान किया। दरअसल ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई। ऐसे में माना जा रहा था कि कैबिनेट बैठक में जल्द चुनाव कराने पर सहमति बन सकती है और जुलाई में आम चुनाव हो सकते हैं। अब यह अनुमान सच साबित हुआ है और पीएम ने संसद भंग करने की सिफारिश कर दी है। सुनक के पहले अक्तूबर-नवंबर में चुनाव कराने की बात कही थी, लेकिन कैबिनेट बैठक में पीएम ने संसद भंग करने की सिफारिश कर दी। पीएम सुनक जल्द ही किंग चार्ल्स से इस संबंध में मुलाकात करने जा सकते हैं।

### राज. हाई कोर्ट को जल्द मिल सकते हैं 10 नए जज



**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट को जल्द ही 10 नए जज मिल सकते हैं। हाई कोर्ट कॉलेजियम ने पिछले दिनों जयपुर और जोधपुर के 10 अधिवक्ताओं के नाम सुप्रीम कोर्ट कालेजियम को भेजे हैं। इनमें जयपुर से एडवोकेट संदीप तनेजा, शीतल मिर्धा, आनंद शर्मा,अनुरुप सिंघी और बिपिन गुप्ता शामिल हैं। जोधपुर से एडवोकेट विनय जैन,बलजिंदर सिंह संधु, संदीप शाह, मुकेश राजपुरोहित और सुनील बेनीवाल शामिल हैं। तनेजा को वर्तमान भाजपा सरकार ने अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाया है जबकि शीतल मिर्धा पिछली कांग्रेस सरकार में अतिरिक्त महाधिवक्ता थीं। वहीं संदीप शाह और सुनील बेनीवाल भी पिछली कांग्रेस सरकार में अतिरिक्त महाधिक्ता रहे थे। जबकि जयपुर से आनंद शर्मा और जोधपुर में मुकेश राजपुरोहित केंद्र सरकार के एडवोकेट हैं। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार ने इन नामों की आईबी रिपोर्ट मांग ली है और जल्द ही आईबी रिपोर्ट के साथ नाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के विचारार्थ भेजे जाएंगे।

**'एक्स' अकाउंट पर सीएम हुए ट्रेंड... मिला अपार समर्थन**

## सभी वर्गों ने की सराहना सीएम शर्मा के कामों की

- लोकसभा चुनाव प्रचार के बिजी शेड्यूल के बीच आमजन से सीधा संवाद, लोगों का जीता दिल
- सरकार गठन के चंद माह के अंतराल में ही लिए अभूतपूर्व निर्णय देशभर में चर्चित

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लोक सभा चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बावजूद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आम आदमी से संवाद की अपनी पुरानी पकड़ को बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। यही वजह रही कि सीएम शर्मा इन दिनों 'एक्स' (ट्विटर) पर खासे छा रहे हैं। सरकार की योजनाओं व कार्यशैली को लेकर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रदेशभर से लोगों का सकारात्मक फीडबैक भी मिल रहा है। सीएम भजनलाल अलग अलग जगहों पर लोगों के बीच सामान्य व्यक्ति की तरह अपनी मौजूदगी दर्ज कराते रहे हैं। मुख्यमंत्री की कोशिश है कि इस तरह की कवायद के जरिए राजस्थान में एक सामान्य कार्यकर्ता की उनकी इमेज बरकरार रहे और सामान्य व्यक्ति के साथ उनका संवाद लगातार बना रहे। सीएम का यह अंदाज लोगों का दिल जीत रहा है। सोशल मीडिया पर सीएम का यह क्रेज उनकी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शा रहा है।



### सीएम भजनलाल 8 राज्यों में अब तक कर चुके हैं चुनाव प्रचार

भजनलाल शर्मा लोकसभा चुनाव प्रचार के बिजी शेड्यूल के बीच लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। प्रदेश की हर गतिविधि पर नजर बनाए रखने के साथ प्रशासनिक कामकाज का डेली अपडेट लेना जारी है। इसी प्रकार वर्तमान में जारी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में दर्जनों सभाएं कर चुके हैं। राजस्थान में दोनों चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने दूसरे राज्यों में प्रचार की कमान संभाल रखी है। सीएम अब तक 8 राज्यों में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। इनमें दिल्ली, पश्चिम बंगाल, झारखंड, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और हरियाणा शामिल हैं।

**मुख्यमंत्री आज दिल्ली व यूपी दौरे पर:** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरुवार को लोकसभा चुनाव प्रचार कार्यक्रम के तहत दिल्ली व यूपी दौरे पर रहेंगे। सीएम गुरुवार सुबह आठ बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहां लोकसभा उत्तर पश्चिम दिल्ली में योगेंद्र चंदौलिया के समर्थन रोहिणी में रोड शो करेंगे। इसके बाद सुबह 11:45 पर दिल्ली एयरपोर्ट से लखनऊ एयरपोर्ट के लिए रवाना होकर बीजेपी कार्यालय पहुंचेंगे तथा प्रेस वार्ता करेंगे। इसके बाद देवरिया में शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन मे जन सभा करेंगे।

### शर्मा के निर्णयों की खूब तारीफ

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रदेश में लागू की गई विभिन्न योजनाओं व सरकार गठन के चंद माह के अंतराल में ही लिए निर्णयों की 'एक्स' पर जमकर तारीफ हो रही है। 'एक्स' हैंडल पर युवाओं, महिलाओं, किसानों व प्रबुद्धजनों की ओर से सुझाव भी दिए जा रहे हैं, जिस पर सीएम खुद मॉनिटरिंग करते है। भजनलाल सरकार में ईआरसीपी और यमुना जल समझौते, एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स के गठन, प्रदेश के 174 थानों में महिला डेस्क की स्थापना, पेपर लीक के खिलाफ एसआईटी के गठन, पेट्रोल-डीजल पर 2 प्रतिशत वैट कम कर तथा कीमतों में विसंगति को दूर करने, पुलिस थानों में महिला डेस्क और एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन, 17 शहरों में 15,566 घरों को पेयजल कनेक्शन से हर घर नल से जल का संकल्प, भ्रष्टाचार पर सीबीआई की सीधे कार्रवाई पर अनुमति की बाध्यता की समाप्त, गरीबों को 450 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर, स्वधन पशुधन-समृद्ध राजस्थान की संकल्पना, गोवंश के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता, अयोध्या में प्रभु श्रीराम के सुलभ एवं सहज दर्शनों के लिए चार ट्रेनों के संचालन, बालिकाओं को एक लाख रुपए के सेविंग बॉन्ड, गेहूं की एम.एस.पी. पर 125 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने के अलावा राज्य में पीएम किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार किए जाने के कामों पर लोग सरकार की तारीफ कर रहे हैं।

**11 हजार केवी बिजली लाइन खींचने के दौरान हुआ विवाद**

## ग्रामीणों ने निगम और पुलिस पर किया पथराव... 7 घायल



**रेनवाल थाना इलाके स्थित अभयपुरा गांव का मामला**

बेधड़क | जयपुर

जिले के रेनवाल थाना इलाके स्थित अभयपुरा गांव में विद्युत निगम की ओर से 11 हजार केवी लाइन बिछाने के कार्य को लेकर ग्रामीणों और विद्युत निगम के कर्मचारियों में विवाद हो गया।

विवाद इस कदर बढ़ा कि पुलिस को मध्यस्थता के लिए आना पड़ा, लेकिन यहां विवाद इस कदर उग्र हुआ कि आवेश में आए ग्रामीणों ने विद्युत कर्मियों और पुलिस पर पथराव कर दिया। इससे 7 पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। माजरा भांपकर मौके पर पहुंचे पुलिस जाप्ते ने लाठीचार्ज कर ग्रामीणों को खदेड़ा। बाद में घायलों का रेनवाल उप जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया गया।

विद्युत निगम रेनवाल के सहायक अभियंता आशीष सैनी ने बताया कि अभयपुरा गांव से निगम की 11 हजार केवी लाइन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है। इसी को लेकर विद्युत निगम और ठेकेदार के कर्मचारी अभयपुरा गांव पहुंच गए। यहां पहले भी विवाद सामने आया था। तब कार्य बंद कर दिया गया। बुधवार को एक बार कार्य शुरू ही किया था कि एकाएक बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उनकी ओर आ धमकी। उन्होंने ग्रामीणों के साथ बातचीत कर समझाइश का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण उग्र दिखे। इस पर ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद विद्युतकर्मियों के साथ हाथापाई भी कर डाली। इसकी सूचना रेनवाल थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन यहां ग्रामीणों ने विद्युतकर्मियों की एक न सुनी और पथराव कर दिया। इससे मौके पर मौजूद पुलिस के जवान घायल हो गए।

इधर मामले की गंभीरता को भांपकर जोबनेर वृत्ताधिकारी नरेंद्र सिंह व रेनवाल थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल पुलिसकर्मियों को रेनवाल उप जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

**इनका कहना है...**

"विद्युत निगम की ओर से पुलिस जाब्ता मांगा गया था, जहां पर पुलिस भेजी गई थी। ग्रामीणों ने रास्ता रोककर विरोध किया और पथराव कर दिया। इस मामले में विद्युत निगम की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सुरेंद्र सिंह,** थाना प्रभारी रेनवाल जयपुर

"पहले भी यहां पर बिजली लाइन खींचने का काम शुरू किया गया था, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था। बुधवार को पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर बिजली निगम और ठेकाकर्मियों द्वारा काम किया जा रहा था। इस दौरान ग्रामीणों ने रास्ता रोकने का प्रयास किया और पुलिस पर पथराव कर दिया।

**आशीष सैनी,** सहायक अभियंता विद्युत निगम रेनवाल


**घूसखोर RAS को तीन साल पहले किया था अरेस्ट**

## ACB ने 3 साल बाद किया आय से अधिक संपत्ति का केस दर्ज

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के तत्कालीन ओएसडी वीरेंद्र कुमार वर्मा के खिलाफ आय से 86.87 फीसदी से अधिक की संपत्तियां मिलने पर केस दर्ज कर लिया।

एसीबी की जांच में आरोपी व उसके परिजनों के नाम से कई भूखंड-प्लाट और जमीनों के दस्तावेज मिले है, जिनकी कीमत लाखों रुपए में है। एसीबी की जांच में सामने आया कि आरोपी वीरेंद्र कुमार की पहली नियुक्ति 1999 में राजस्थान वाणिज्यिक विभाग में सहायक वाणिज्यिक अधिकारी के रूप में हुई थी। इसके बाद में वीरेंद्र कुमार का वर्ष 2006 में राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयन हो गया था। वर्ष 2006 से वर्ष 2021 तक वीरेंद्र कुमार की शुद्ध आय करीब 67 लाख रुपए थी। इस अवधी में वीरेंद्र कुमार ने 73.96 लाख रुपए की संपत्तियां व 51.63 लाख रुपए का खर्चा हुआ है। यानि कुल खर्चा व संपत्तियां 1.25 करोड़ रुपए से ज्यादा की मिली है। ऐसे में वीरेंद्र कुमार के पास आय से 58.38 लाख रुपए की संपत्तियां सेवाकाल के दौरान ज्यादा अर्जित की है। एसीबी ने यह संपत्तिया अवैध रूप से अर्जित करना माना है। जांच पड़ताल के बाद एसीबी ने तीन साल बाद केस दर्ज किया है।



### 4 लाख रुपए की घूस लेने के आरोप में किया था गिरफ्तार

पड़ताल में सामने आया कि एसीबी ने मार्च 2021 में वीरेंद्र कुमार वर्मा को 4 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा था। जबकि रिश्वत देने वाले दिल्ली की बस कंपनी पारस ट्रैवल्स के मालिक नरेश सिंघल और सहायक लेखाधिकारी महेश कुमार गोयल को भी गिरफ्तार किया था। जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज में 100 मिडी बसें कॉन्ट्रेक्ट पर लगाने के लिए ये पूरा टेंडर हुआ था। बस डिपो पर कंपनी के कर्मचारियों को रहने के लिए 10 आवास उपलब्ध करवाने, पीने के पानी-बिजली सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की एवज में वर्मा ने 10 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

### रिटायर्ड CMHO के खिलाफ पद का दुरुपयोग का मामला

एसीबी ने सामान्य चिकित्सालय करौली के तत्कालीन प्रमुख चिकित्सा अधिकारी दिनेश कुमार के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने का केस दर्ज कर लिया। दिनेश कुमार रिटायर्ड हो चुके हैं। आरोप है कि दिनेश कुमार वर्ष 2022 से 2024 के दौरान सामान्य चिकित्सालय करौली में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल समय के दौरान पहले और बाद में खुद के निजी आवास पर मरीजों को चिकित्सा परामर्श दिया और प्रत्येक से 150 रुपए की फीस वसूल की जा रही थी, जबकि सरकार से दिनेश कुमार इस अवधी में नॉन प्रेक्टिस भत्ता 4.48 लाख रुपए का उठा लिया।

## जरूरी खबर

### राज्य में मतगणना के लिए 2,713 टेबल लगेंगी



**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बुधवार को जयपुर में आर. ए. पोद्दार प्रबंधन संस्थान में मतगणना के संबंध में चल रहे प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। यहां लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए 140 एआरओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गुप्ता ने कहा कि राज्य में सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना की तैयारियां की जा रही हैं। राज्य में 27 मतगणना केंद्रों पर कुल 2,713 मतगणना टेबल लगाई जाएंगी।

### जैन संतों पर अभद्र टिप्पणी से जैन समाज में आक्रोश

**जयपुर।** गत 7 मई को जैन संतों पर अभद्र टिप्पणी करने पर स्थानीय दिगम्बर जैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं उप मुख्यमंत्री से इस मामले में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि अजमेर की दरगाह में खादिमो कि संस्था अंजुमन के सचिव सरवर चिश्ती के जैन संतों पर दिए गए बयान की महासभा ने भर्त्सना की है। ज्ञात है कि अजमेर में प्रवास के दौरान दिगम्बर जैन संत आचार्य सुनील सागर ने प्रशासन की अनुमति से ढाई दिन के झोपड़े का ससंघ अवलोकन किया था। इस पर चिश्ती ने जैन संतों के निर्वस्त्र प्रवेश को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की थी।

### इस वर्ष 4 करोड़ पौधों का वितरित करेगा वन विभाग



**जयपुर।** वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोड़ा ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के साथ राज्य को हरा भरा बनाने के लिए विभाग संकल्पित होकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आमजन को वन्यजीव संरक्षण एवं पौधरोपण के लिए जागरूक किए जाने की आवश्यकता है ताकि राज्य को हरा भरा प्रदेश बनाने का संकल्प साकार हो सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव बुधवार को अरण्य भवन में राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस बार चार करोड़ पौधों का वितरण किया जाएगा। साथ ही आमजन को पौधारोपण के लिए जागरूक करेंगे।

---

**कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा का पलटवार- पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखें**

# दलित युवक की हत्या मामले को लेकर गरमाई सियासत

**बेधड़क** | जयपुर

झुंझुनू के सूरजगढ़ में शराब बिक्री को लेकर एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने इस घटना का वीडियो बनाकर वायरल तक कर दिया। मृतक युवक दलित समुदाय से था। इसकी जानकारी आने पर भाजपा-कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो गई।

कांग्रेस और भाजपा नेताओं के बीच सोशल मीडिया पर वार-पलटवार शुरू हो गया। इस मामले को लेकर पूर्व सीएम अशोक गहलोत की ओर से सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पलटवार किया है। उन्होंने



कहा कि दलितों पर बढ़ते अत्याचार की घटनाएं पिछली कांग्रेस सरकार की ही देन हैं। वहीं प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी ने कांग्रेस को पहले अपने गिरेबान में झांकने की सलाह दी। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इस घटना को राजस्थान में सरकार और पुलिस के कमजोर होते इकबाल का प्रतीक बताया। साथ ही आरोप लगाया कि आए दिन प्रदेशभर से ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद दलितों के खिलाफ अपराध तेजी से बढ़े हैं। मीडिया में इमेज मेकिंग में व्यस्त राजस्थान सरकार इन घटनाओं को गंभीरता से ले एवं आगे इनकी पुनरावृत्ति ना हो, इसके लिए कार्य करें।

### दलितों पर अत्याचार पूर्व कांग्रेस सरकार की देन

पूर्व सीएम गहलोत की पोस्ट पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने भी पलटवार करते हुए कहा कि सूरजगढ़, झुंझुनू की घटना निश्चित तौर पर निंदनीय है। पुलिस ने घटना की गंभीरता के मद्देनजर आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। राठौड़ ने पूर्व कांग्रेस सरकार पर तंज कसा, 'पर उपदेश कुशल बहुतेरे, जे आचरहिं ते नर न घनेरे'। दलितों पर बढ़ते अत्याचार की घटनाएं पिछली कांग्रेस सरकार की ही देन हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों में 8,752 केस के साथ दलित अपराधों में राजस्थान देशभर में दूसरे नम्बर था। राठौड़ ने कहा कि दलितों पर अत्याचारों की एक के बाद एक घटनाएं हुईं, लेकिन तब किस्सा कुर्सी के खेल में लगे कांग्रेस नेताओं में दलित अपराधों के प्रति कोई चेतनशीलता नहीं दिखी। प्रदेश को कांग्रेस के जंगलराज से मुक्ति मिले हुए अभी कुछ माह का समय हुआ है।

### मुख्यमंत्री इस तरह की घटनाओं को लेकर गंभीर: बगड़ी

वहीं, दूसरी ओर भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि प्रदेश में भजनलाल सरकार आमजन को सुरक्षित माहौल देने के लिए दिन-रात काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद इस तरह की घटनाओं को लेकर गंभीर हैं। झुंझुनू के सूरजगढ़ की घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी हो गई, परेड करवाई गई। भाजपा सरकार जिस प्रकार राजस्थान में काम कर रही है, उससे अपराधियों में भय का माहौल खड़ा हो रहा है। जिन्होंने गुनाह किया है, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पूर्व सीएम गहलोत के आरोपों पर कहा कि गहलोत अपने गिरेबान में झांकें। उन्होंने डिजाइन बॉक्स कम्पनी से मीडिया और सोशल मीडिया में माहौल बनाने का काम किया, भाजपा सरकार ने नहीं। सीएम भजनलाल शर्मा काम करने में विश्वास करते हैं, जो कहते हैं वो करते हैं। इस तरह की घटनाएं हुईं तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**वैशाख पूर्णिमा पर आज प्रदेश के जंगलों में होगी वन्यजीव गणना**

# कहीं ट्रैप कैमरों से तो कहीं वॉटर होल पद्धति से वन्यजीवों पर नजर

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में वैशाख पूर्णिमा पर गुरुवार को सुबह 8 बजे से वन्यजीवों की गणना शुरू की जाएगी। कहीं वॉटर होल पद्धति से तो कहीं ट्रैप कैमरों से वन्यजीवों की गणना की जाएगी। यह गणना शुक्रवार को सुबह को सुबह 8 बजे तक प्रदेश के सभी जंगलों में होगी। इसके तहत जंगलों में वॉटर पॉइंट्स पर लगातार 24 घंटे निगरानी रखी जाएगी। वहां, पानी पीने आने वाले वन्यजीवों को गिना जाएगा। वनकर्मियों के साथ वन्यजीव प्रेमी मचान पर बैठकर 24 घंटे वन्यजीवों पर नजर रखेंगे। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक पीके उपाध्याय ने बताया कि वन्यजीव गणना के आंकड़े एकत्रित करके वन मुख्यालय अरण्य भवन भेजे जाएंगे। उपाध्याय के मुताबिक वन्यजीव गणना से पहले दो दिन पूर्व अभ्यास प्रशिक्षण करवाया गया है। इस गणना में बाघ, बघेरे और अन्य वन्यजीवों की संख्या का आंकलन किया जाएगा। वन्यजीव गणना की वन मुख्यालय से मॉनिटरिंग की जाएगी। पिछले वर्ष बेमौसम बरसात की वजह से वॉटर होल पद्धति से वन्यजीव गणना नहीं हो पाई थी। ऐसे में इस बार वन्यजीव गणना को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वॉटर होल पद्धति से वन्यजीव गणना से वन्यजीवों की संख्या के वास्तविक आंकड़े मिल पाएंगे। डीसीएफ जगदीश गुप्ता के मुताबिक वॉटर हॉल पद्धति पर वन्यजीवों की गणना की जाएगी। जंगलों में मचान पर बैठकर वॉटर हॉल पर वन्यजीवों की गिनती की जाएगी। कई जगह पर वॉटर पॉइंट पर ट्रैप कैमरा भी लगाए गए हैं, जहां पानी पीने आने वाले वन्यजीवों की फोटो एविडेंस के साथ कैमरे में कैद होगी।



### 24 से अधिक प्रजातियों की होगी गणना

वन्यजीव गणना में भालू, पैंथर, सियागोश, लकड़बग्घे, भेड़िए, सियार, लोमड़ी, जंगली बिल्ली, लंगूर, जंगली, सूअर, नीलगाय, सांभर, चीतल, काला हिरण, चिंकारा, नेवला, बिज्जू और सेही को गिना जाएगा। हालांकि, प्रदेश में वन्यजीवों की सैकड़ों प्रजातियां हैं।

### आमागढ़, नाहरगढ़ व गलता में होगी गणना

राजधानी जयपुर की बात की जाए तो झालाना वन, गलता-आमागढ़ वन क्षेत्र और नाहरगढ़ वन क्षेत्र में गणना की जाएगी। यह गणना सभी जगह वॉटर होल पद्धति से होगी। क्योंकि वन्यजीव गणना में मुख्य आधार सभी जल स्रोत होते हैं। जयपुर रेंज प्रादेशिक क्षेत्र की बात की जाए तो करीब 44 वॉटर पॉइंट्स पर वन्यजीवों की गिनती होगी। इनमें से 23 वॉटर पॉइंट झालाना लेपर्ड रिजर्व के हैं। 13 वॉटर पॉइंट आमागढ़ लेपर्ड रिजर्व के और 7 वाटर पॉइंट अन्य जगहों के हैं।


### एनटीसीए प्रोटोकॉल से होगी टाइगर रिजर्व में गणना

प्रदेश में रणथंभौर, सरिस्का, मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की गणना एनटीसीए प्रोटोकॉल से की जाती है। ऐसे में इन टाइगर रिजर्व के अलावा 27 सेंचुरी क्षेत्र में वन्यजीवों को वाटर हॉल सेंसस के जरिए गिना जाता है। इस साल वन्यजीव गणना में पैंथर, भालू और भेड़ियों की तादाद पर नजर रहेगी। इसके साथ ही जंगलों में नीलगाय, सियागोश और चौसिंगा जैसे वन्यजीवों की वास्तविक स्थिति का भी पता लग पाएगा।

---

**CM ने ली BJP पदाधिकारियों की बैठक**

# 'सेवा ही संगठन' के भाव को आगे बढ़ाने का किया आह्वान



**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, विधायकों एवं सांसदों के साथ आयोजित बैठक में वीसी के जरिये शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों से आह्वान करते हुए कहा कि सेवा ही संगठन के भाव को आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि हमारा सामाजिक दायित्व भी बनता है कि भीषण गर्मी (हीट वेव) को देखते हुए सामाजिक सरोकारों से जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए बस स्टैंड, अस्पताल, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख स्थानों पर आमजन के लिए वॉटर कूलर, शीतल पेयजल व्यवस्था करने की व्यवस्था करें। पानी टैंकर उपलब्ध करवाने जैसे समाज सेवा के कार्य किए जाएं, जिससे आमजन को राहत मिल सकें। साथ ही उन्होंने पक्षियों के लिए पानी के परिंडे लगाने एवं गोशाला में सहयोग करने का आह्वान भी किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, केबिनेट मंत्री मदन दिलावर, राज्यसभा सासंद घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी सहित विभिन्न पदाधिकारी जुड़े।

---

**बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रण**

# वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष बनने पर संपतराम का स्वागत

**बेधड़क** | जयपुर

डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी जयपुर की कार्यसमिति की ओर से पूर्व आईपीएस जसवंत संपतराम को अध्यक्ष बनाए जाने पर अनुसूचित जाति के सामाजिक संगठनों ने स्वागत समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर समाज के सभी संगठनों ने एक मत से बाबा साहब के विचारों को एवं वेलफेयर सोसाइटी के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। समारोह में सोसाइटी के सदस्यों ने पूर्व आईपीएस संपतराम को अध्यक्ष पद मनोनीत होने की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सोसाइटी के पूर्व अध्यक्ष जे.पी. विमल पूर्व आईएएस, कन्हैया लाल बेरवाल पूर्व आईपीएस, नत्थी सिंह पूर्व आईपीएस, यादराम फांसल पूर्व आईपीएस, अनिल गोठवाल पूर्व महासचिव, रोडूराम सुलानिया उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एडवोकेट गुरुप्रसाद लेखरा, किर्तिराज हाड़िया, नवरतन बुनकर, लक्ष्मी नारायण वर्मा वार्डन, कैप्टन मुकेश कुमार, वीडी बैरवा, बाबूलाल राणा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



---

**एसीबी ने 25 हजार रुपए लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**

# डॉक्टर व दलाल को रिश्वत लेते दबोचा

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर जिले में बुधवार को एसीबी की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक डॉक्टर और एक अन्य व्यक्ति को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। उदयपुर में जिला क्षय अधिकारी (चिकित्साधिकारी) एवं दलाल को 25 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर उदयपुर इकाई द्वारा बुधवार कार्रवाई करते हुए डॉ. अंशुल मट्ठा जिला क्षय अधिकारी और दलाल समीर मट्ठा को परिवादी से 25 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की उदयपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि अस्पताल के लिए खरीदे गए फिनाइल के बिलों की ऑडिट रिपोर्ट का समायोजन करने की एवज में आरोपी डॉ अंशुल मट्ठा 30 हजार रुपए रिश्वत राशि मांग परेशान कर रहा है।



एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में एसीबी की उदयपुर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। इसके बाद बुधवार को टीम के ट्रैप कार्रवाई करते हुए आरोपी डॉ. अंशुल मट्ठा और दलाल समीर मट्ठा को परिवादी से 25 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरवीजन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है।

एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जाएगा।

---

**प्रताप गौरव केन्द्र में जयंती महोत्सव: होंगे कई कार्यक्रम**

# वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर राष्ट्रभक्ति की बहेगी बयार

- **पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर के प्रताप गौरव केन्द्र 'राष्ट्रीय तीर्थ' में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया 9 जून को राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत आयोजनों के साथ मनाई जाएगी। इस वर्ष जयंती पर चार दिवसीय आयोजन होंगे जो 6 जून से शुरू होंगे।

इस बार के आयोजनों में विभिन्न विषयों की पांच कार्यशालाओं सहित राष्ट्र सभा, कवि सम्मेलन भी शामिल होंगे। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष डॉ. बीपी शर्मा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि जयंती की पूर्व संध्या पर 8 जून को शाम 5.30 बजे जयंती समारोह का उद्घाटन कार्यक्रम होगा। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के लिए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को आग्रह पत्र भेजा गया है। 9 जून को जयंती पर आयोजनों का आरंभ महाराणा प्रताप की प्रतिमा के दुग्धाभिषेक से होगा। इसके बाद 10 बजे से शाम तक विभिन्न कार्यशालाओं की विशेष मास्टर कक्षाएं चलेंगी। शाम 5.30 बजे विशाल सभा होगी। इसमें उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में ओजस्वी संतों का आशीर्वचन प्राप्त होगा। समिति के मंत्री महावीर चपलोत ने बताया कि 8 जून को रात्रि 8.30 बजे स्टोरी टेलिंग कार्यक्रम होगा।



इसमें जाने-माने रंगकर्मी विलास जानवे, मनीष शर्मा प्रस्तुति देंगे। अगले दिन 9 जून को रात्रि 8 बजे वीर रस कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें हरिओम सिंह पंवार, राम भदावर, अशोक चारण, सुदीप भोला, अजातशत्रु, किशोर पारीक आदि कवि अपनी ओजस्वी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

### विभिन्न विद्याओं पर होगी कार्यशालाएं

प्रताप गौरव केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना ने बताया कि 6 जून से 8 जून तक पांच कार्यशालाएं होंगी। इनमें चित्रकला, प्राचीन लिपि-भाषा पठन, स्टोरी टेलिंग, शॉर्ट फिल्म मेकिंग और 'कम्युनिकेशन स्किल-पर्सनल डवलपमेंट-लाइफ स्किल' विषय शामिल किए गए हैं। इन कार्यशालाओं में जाने-माने विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। चित्रकला को छोड़कर अन्य चारों कार्यशालाएं प्रतिदिन तीन घंटे की रहेगी। दो विषयों की कार्यशाला सुबह 9 से 12 बजे के सत्र में तथा दो विषयों की कार्यशाला दोपहर 2 से 5 बजे के सत्र में रहेगी। चित्रकला की कार्यशाला पूरे दिन की रखी गई है। 9 जून को इन सभी कार्यशालाओं की मास्टर क्लास होगी, जिनमें जानी-मानी सेलिब्रिटीज प्रतिभागियों को विषय की बारीकियों से अवगत कराएंगी। इन कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रतिभागी 10वीं उत्तीर्ण या 15 वर्ष की आयु का होना चाहिए। कार्यशालाएं निःशुल्क रहेंगी और पंजीकरण ऑनलाइन कराना होगा जो 23 मई से शुरू हो जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी दो विषयों की कार्यशाला में ही भाग ले सकेंगे।

### प्रताप गौरव केंद्र की होगी आकर्षक सजावट

सक्सेना ने बताया कि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर प्रताप गौरव केन्द्र की आकर्षक सज्जा भी की जाएगी और यहां आने वाले दर्शकों को दो दिन 8 व 9 जून को शुल्क में भी छूट प्रदान की जाएगी। दो दिन शुल्क 50 रुपए ही रहेगा। शाम के आयोजनों के कारण दोनों दिन वाटर लेजर शो स्थगित रहेगा। सभी आयोजनों में प्रवेश निशुल्क रहेगा।

## जरूरी खबर

### 8.25 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार



**जयपुर।** मुरलीपुरा थाना पुलिस ने 8.25 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले भी 2 बार नशे की खेप की तस्करी करते हुए गिरफ्तार हो चुका है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सुनिल सैनी पुत्र चौथमल सैनी निवासी डूगरी वाली ढाणी मावंडा कला थाना पाटन जिला नीमकाथाना हाल प्लॉट नंबर 57ए सेंट्रल कॉलोनी, रोड नंबर 8 सीकर रोड थाना मुरलीपुरा (जयपुर) के पास स्मैक है। अमित कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम ने आरोपी को डिटेन किया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 8.25 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अकलेरा (झालावाड़) से स्मैक लाकर जयपुर में सप्लाई कर रहा था।

### चोर गिरफ्तार, 11 दोपहिया वाहन बरामद किए

**जयपुर।** शास्त्री नगर थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से चोर के 11 वाहनों को जब्त किया हैं। गिरफ्तार वाहन चोर ने बताया कि उस ने यह वाहन शास्त्री नगर और विद्याधर नगर से चोरी किए। डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डुडी ने बताया कि 6 मई को पीड़ित उमराव गुप्ता थाने में आकर रिपोर्ट दी कि वह माहेश्वरी शमसान घाट चांदपोल जयपुर में गया था। जहां पर उस ने अपनी स्कूटी खड़ी की थी। दाह संस्कार के बाद लौटा तो वाहन नहीं मिला। पुलिस ने मौके पर लगे हुए सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें मिली जानकारी के बाद आरोपी किशन वर्मा पुत्र रामेश्वर वर्मा निवासी म.न. एस-21 बलाई बस्ती नाहरी का नाका को डिटेन कर पूछताछ की गई जिस पर आरोपी ने शहर में वाहन चोरी करना कबूला।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

# भगवान वराह प्रकटे... भक्तों को दिया आशीर्वाद





*जयपुर। नृसिंह जयंती समारोह के दूसरे दिन विष्णु के अवतार भगवान वाराह की लीला का आयोजन किया गया। चौड़ा रास्ता स्थित ताड़केश्वर जी मंदिर के सामने भगवान वराह प्रकट हुए। इस दौरान भगवान की आरती उतारी गई। त्रिपोलिया गेट तक भगवान वाराह भ्रमण करते हुए गए और वापस ताड़केश्वर जी मंदिर पहुंचे, जहां ऊपर झरोखे में से भक्तजनों को आशीर्वाद दिया।* -फोटो: राजेश कुमावत, पंकज शर्मा

## डीजीपी साहू की पहल, पुलिस अधिकारियों को जारी किए निर्देश

# आत्महत्या की मंशा वाले मैसेज ट्रैक कर पुलिस बचाएगी जान

**बेधड़क** | जयपुर

अगर सोशल मीडिया पर किसी ने सेल्फ हार्म, आत्महत्या करने की मंशा जताई या ऐसा कोई आत्मघाती मैसेज किया तो पुलिस उस संदेश को ट्रैक कर पीड़ित तक पहुंचेगी और उसे व उसके परिजनों से समझाइश कर उसका जीवन बचाने का प्रयास करेगी।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य अवसाद या निराशा की स्थिति में आत्मघाती कदम उठाने की मंशा वाले व्यक्तियों तक पहुंचकर अनमोल मानवीय जीवन की रक्षा करना है।

इस सम्बंध में जयपुर एवं जोधपुर के पुलिस आयुक्त, महानिरीक्षक, स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो, जयपुर एवं जोधपुर के पुलिस उपायुक्त तथा जीआरपी जोधपुर एवं अजमेर सहित समस्त जिलों के पुलिस अधीक्षकों के लिए आदेश जारी करते हुए विशेष निर्देश प्रदान किए हैं।





### संदिग्ध मैसेज का तत्काल PHQ को ई-मेल करें

डीजीपी साहू ने बताया कि पुलिस अधिकारियों को फेसबुक/इंस्टाग्राम पर इस प्रकृति के संदेशों के विश्लेषण से उनमें से संदिग्ध स्थितियों वाले प्रकरणों को तत्काल पुलिस मुख्यालय पर जरिए ई-मेल सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस मुख्यालय पर स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एससीआरबी) द्वारा संचालित (24 X 7) हेल्प डेस्क पर प्राप्त इस ई-मेल के आधार पर पीड़ित व्यक्ति के मोबाइल नंबर, आईपी एड्रेस, नाम और पोस्ट में डाले गए संदेश का पता लगाया जाएगा। एससीआरबी की ओर से ऐसी जानकारी को तत्काल सम्बंधित थाने के ड्यूटी ऑफिसर के साथ शेयर की जाएगी। इसके बाद सम्बंधित थाने के प्रभारी प्राप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्ति तक पहुंचकर मदद का प्रयास करेंगे।

### संवेदनशीलता के साथ ठोस कार्रवाई के निर्देश

डीजीपी ने सभी पुलिस अधिकारियों और फील्ड स्टाफ को मानव जीवन को बचाने के इस मिशन में संवेदनशीलता और पर्यवेक्षण कौशल का परिचय देते हुए ठोस और प्रभावी कार्यवाही करने को कहा है। अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस एससीआरबी एवं साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि उत्तर प्रदेश (यूपी) में भी पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट के विश्लेषण से इस प्रकार की अप्रिय घटनाओं को रोकने की कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए यूपी पुलिस द्वारा फेसबुक/इंस्टाग्राम की संचालक कंपनी मेटा के साथ मिलकर कार्य किया जा रहा है।

## हाई कोर्ट ने लगाई रोक

# चयन बोर्ड सचिव को धमकाने वालों की नहीं होगी गिरफ्तारी

**बेधड़क** | जयपुर

सीएम का पीए बनकर राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव को फोन करके धमकाने के मामले में हाई कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल की कोर्ट ने रामस्वरूप और सरोज की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

कोर्ट में याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि बोर्ड सचिव ने घटना के 17 दिन बाद मामले में एफआईआर दर्ज कराई है, जबकि बोर्ड के अध्यक्ष सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लगातार इस घटना की जानकारी देते रहे। उन्होंने इस मामले को हाई प्रोफाइल बनाने की कोशिश की। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह पुलिस को जांच में सहयोग करने के लिए भी तैयार हैं, लेकिन पुलिस उन्हें जबरन परेशान कर रही है। याचिकाकर्ता के वकील सियाराम शर्मा जोधावास ने कोर्ट में बहस करते हुए कहा कि इस पूरे मामले में दर्ज एफआईआर में बोर्ड अध्यक्ष और सचिव को सीएम का पीए बनकर धमकाने का मामला बताया गया है। इसमें कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने फोन करके बोर्ड सचिव को मोटर व्हीकल सब इंस्पेक्टर भर्ती मामले में कोर्ट में दायर प्रार्थना पत्र को वापस नहीं लेने के लिए धमकाया था। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता खुद एक सरकारी कर्मचारी है। उसकी पत्नी भर्ती में सिलेक्टेड कैंडिडेट हैं। याचिकाकर्ता ने अपनी पत्नी के फोन से बोर्ड सचिव को फोन करके केवल इतना ही कहा था कि आपने पहले सिलेक्टेड कैंडिडेट को नियुक्ति देने का प्रार्थना पत्र लगाया, अब उसे वापस क्यों ले रहे हैं। इस पर याचिकाकर्ता और बोर्ड सचिव के बीच बहस जरूर हुई थी, लेकिन याचिकाकर्ता ने सीएम का पीए बनकर बोर्ड सचिव को नहीं धमकाया।

अगर याचिकाकर्ता को ऐसा करना ही होता तो वह अपनी पत्नी के मोबाइल से फोन क्यों करता। वह कोई भी डमी सिम लेकर ऐसा कर सकता था। वहीं बोर्ड अध्यक्ष ने इस घटना की जानकारी अपने एक्स अकाउंट के जरिए 24 अप्रेल को दी। घटना 19 अप्रेल को होना बताया गया है, लेकिन एफआईआर 7 मई को दर्ज कराई गई है।

## परिजन बोले- हमें नहीं पता कब लौटा

# बैंकॉक गया युवक होटल में मृत मिला

**बेधड़क** | जयपुर

होटल जलमहल हवेली में एक युवक का शव मिला है। युवक 21 मई को सुबह 7 बजे होटल आया था और कमरा लिया था। चाबी लेकर वह कमरे में चला गया था और उसके बाद कमरे से बाहर नहीं निकला था। बुधवार सुबह होटल का स्टाफ चाय देने के लिए गया तो आवाज लगाने के बाद भी उसने कमरे का दरवाजा नहीं खोला था।

होटल स्टाफ ने इस बारे में मैनेजर को जानकारी दी। मैनेजर ने पुलिस को फोन कर सूचना दी। पुलिस के आने पर जब कमरे का दरवाजा खोला गया तो युवक बाथरूम में लहूलुहान हालत में मिला। इस पर पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। कमरे की जांच के दौरान एफएसएल टीम को कुछ संदिग्ध वस्तुएं मिली। इनमें कुछ खाली शीशियां और इंजेक्शन थे। एफएसएल की टीम इनकी जांच कर रही है। पुलिस को कमरे से मृतक का पासपोर्ट मिला है, जिससे पता चला कि वह बैंकॉक से जयपुर आया था। उसके सिर पर चोट के निशान थे। प्रथम दृष्टया बाथरूम में पैर फिसलने के कारण सिर में चोट लगने की आशंका है, क्योंकि कमरा अंदर से बंद मिला। ब्रह्मपुरी थाना के सीआई ईश्वर पारीक ने बताया कि मृतक की पहचान मोहम्मद फारूख (25) निवासी गलता गेट, जयपुर के रूप में हुई है। फारूख के परिजनों ने बताया कि वह बैंकॉक गया था, लेकिन वहां से कब लौटा, इसकी उनको जानकारी नहीं है। 4-5 दिन से वह फोन भी नहीं उठा रहा था।



## चारधाम यात्रा में भीड़ को देखते हुए निर्णय, वीआईपी दर्शन पर भी 31 तक रोक

# तीर्थ यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**बेधड़क** | जयपुर

चारधाम यात्रा पर उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण लागू कर दिया। चार धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालु वेबसाइट पर दर्शन की तिथि निश्चित कर उस तारीख के लिए पंजीकरण करा सकते हैं, जिस तिथि के लिए पंजीकरण किया गया है केवल उसी तिथि के ये ही दर्शन की अनुमति मिलेगी। बिना पंजीकरण के आने पर उन्हें रोका जा सकता है। यात्रियों को ये भी सलाह दी कि जिस धाम की यात्रा पर आ रहे हैं, उसी रूट पर जाएं। इस यात्रा में भारी भीड़ के चलते सभी ऑपरेटर्स और श्रद्धालुओं को पंजीकरण करने से पूर्व भीड़ की परिस्थिति के बारे में अवगत होना आवश्यक है, अन्यथा घंटों ट्रैफिक में फंसने के हालात उत्पन्न हो सकते हैं। इस वर्ष चार धाम यात्रा के लिए तीर्थ यात्रियों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए उत्तराखंड सरकार द्वारा वीआईपी दर्शन पर भी 31 मई तक के लिए पूर्णतया रोक लगा दी गई है। 10 मई को यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 8 लाख 52 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री चारों धामों के दर्शन कर चुके हैं। उत्तराखंड राज्य के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार यात्रा से पहले तीर्थयात्री को अपने स्वास्थ्य की जांच करवाना भी अनिवार्य होगा। तीर्थयात्री उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट पर जाकर संबंधित गाइडलाइन के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उत्तराखंड सरकार द्वारा इस वर्ष चारधाम की यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से eSwasthyaDham एप लॉन्च किया गया है। इस एप के माध्यम से चार धाम यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के स्वास्थ्य पर नजर रखने के साथ साथ जरूरत के समय उन्हें तत्काल सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना संभव हो सकेगा।



## शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए भी जारी की गाइडलाइन


# अब खुले में नहीं चलेंगे स्कूल, की जाएगी वैकल्पिक भवन की व्यवस्था

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेशभर में कहीं भी खुले में, झोपड़ी में, पेड़ के नीचे या फिर किसी भी असुरक्षित स्थान पर कोई स्कूल संचालित हो रहा है तो विभाग वैकल्पिक भवन की व्यवस्था करेगा। इसके लिए शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की है। शिक्षा विभाग की ओर से सभी सरकारी स्कूलों के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गाइडलाइन के बावजूद अगर भविष्य में इस तरह का कोई मामला सामने आता है तो जिला शिक्षा अधिकारी के साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। सरकारी स्कूलों में सफाई अभियान भी शुरू किया जाएगा। इसके तहत बरसात से पहले बंद नालों और छत की सफाई की जाएगी, ताकि बारिश के दौरान स्टूडेंट्स को परेशान न होना पड़े। इसकी मॉनिटरिंग जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे।

### जल्द पूरी की जाएगी भूमि आवंटन प्रक्रिया

शिक्षा विभाग की ओर से राजस्थान के सभी सरकारी स्कूलों का भौतिक सत्यापन करवाया जाएगा। ऐसे में जिन स्कूलों को अब तक भवन निर्माण की अनुमति नहीं मिली है, उस जिले के जिला शिक्षा अधिकारी, कलेक्टर से मिलकर जल्द से जल्द भूमि आवंटन करने की प्रक्रिया को पूरा करेंगे। प्रदेशभर में जहां भी सरकारी स्कूलों को अब तक भूमि आवंटन नहीं हुआ है। वहां नए स्कूल के लिए भूमि आवंटन और निर्माण तक जिला शिक्षा अधिकारी की ओर से वैकल्पिक और सुरक्षित भवन की व्यवस्था की जाएगी। नए शैक्षणिक सत्र में प्रदेशभर में कहीं भी खुले में, झोपड़ी में, पेड़ के नीचे या फिर किसी भी असुरक्षित स्थान पर स्टूडेंट्स को नहीं पढ़ाया जाएगा। इसके बावजूद अगर इस तरह का कोई मामला सामने आता है तो जिला शिक्षा अधिकारी के साथ संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



### जर्जर इमारत में स्टूडेंट्स की एंट्री बंद

प्रदेशभर के सरकारी स्कूल जो जर्जर इमारत में संचालित हैं और स्टूडेंट्स के लिए असुरक्षित व बदहाल हालत में हैं। वहां पर स्टूडेंट्स की एंट्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की जान-माल की हानि से बचा जा सके। इसके साथ ही स्कूल के भवन को क्षतिग्रस्त घोषित किया जाए। भवन को जब तक सुधारा नहीं जाएगा, तब तक उसमें स्टूडेंट्स को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सरकारी स्कूलों में शुद्ध पेयजल व्यवस्था करने के साथ ही शौचालय में रनिंग वॉटर की सुचारू व्यवस्था और नियमित सफाई करनी होगी। इसके साथ ही जर्जर शौचालय की मरम्मत करवाई जानी चाहिए।

### ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे शिकायत

स्टूडेंट शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से स्कूल की जर्जर इमारत, पेयजल व्यवस्था के साथ ही बदहाल टॉयलेट और दूसरी समस्याओं को लेकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसका जिला स्तर पर जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। अगर 7 दिनों में शाला दर्पण पोर्टल के माध्यम से मिलने वाली शिकायतों पर कार्यवाही शुरू नहीं हुई तो संबंधित संस्था प्रधान के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। किराये के भवन में संचालित हो रहे सरकारी स्कूल के नए भवन के लिए भूमि आवंटन को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कलेक्टर और राजस्व विभाग से संपर्क कर भूमि आवंटन की कार्यवाही शुरू की जाएगी।

## जरूरी खबर

### PHED कर्मचारी संघ में कई पदाधिकारी नियुक्त



**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल भवन स्थित कार्यालय में संघ के विभागीय समिति अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा द्वारा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सतीश शर्मा उपाध्यक्ष, कृष्णेन्दु चटर्जी सचिव, विनोद कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद गुर्जर संयुक्त सचिव के पद पर मनोनित किया गया। वहीं संघ में अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन आगामी बैठक में लिए जाने का निर्णय लिया गया।

### दवा के नाम पर चल रहा नशे का कारोबार

**कोटा।** औषधि नियंत्रण संगठन ने दवाओं को नशे के लिए बेचने के अवैध कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की है। संगठन ने शहर के खारी बावड़ी स्थित एक थोक व्यापारी के यहां कार्रवाई की है। दवाओं के इस थोक व्यापारी ने पूछताछ में खुलासा किया कि वह अब तक बड़ी मात्रा में दवाएं रिटेल में बेच चुका। नशे की इन दवाओं को बेचते समय उसने ग्राहक से किसी प्रकार का पहचान का दस्तावेज भी नहीं लिया। औषधि नियंत्रक अधिकारी योगेश कुमार ने बताया कि उनके पास सूचना आई थी कि कोटा में दवा की दुकानों पर अवैध रूप से एनडीपीएस की दवा को बेचा जा रहा है। इसके बाद खारी बावड़ी स्थित फार्मा पर एक्शन लिया गया।

### बिजली कटौती का विरोध, आंदोलन की चेतावनी



**चाकसू।** चाकसू व कोटखावदा तहसील में इन दिनों बिजली कटौती से लोगों के काम प्रभावित हो रहें। बुधवार को चाकसू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भरतलाल मीणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने अघोषित विद्युत कटौती बंद करने और पूर्ण आपूर्ति के लिए विद्युत सहायक अभियंता को ज्ञापन सौंपा। इसमें विभाग के अधिकारियों को चेतावनी दी गई यदि 3 दिन में बिजली की अघोषित कटौती बंद नहीं की गई तो बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान सरपंच रमेश मीणा, बद्री चौधरी, हनुमान मीना, बाबू सरपंच, गोविंद बासड़ा, चंद्रमोहन सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डूंगरपुर में बढ़ते सड़क हादसे पुलिस के लिए बने चिंता का विषय, डेढ़ दिन में जा रही एक जान

# 16 महीनों में 349 लोगों की मौत, आमजन को करेंगे जागरूक

**बेधड़क | डूंगरपुर**

जिले में वाहन चालक अपनी लापरवाही के चलते सड़क हादसों में काल का ग्रास बन रहे हैं। पिछले 16 महीनों की बात करें तो यहां विभिन्न इलाकों में 703 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। उनमें से 349 लोगों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है।

इसमें इस वर्ष अप्रैल तक चार माह में ही 96 लोगों की मौत हुई है। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि डूंगरपुर जिले में हर डेढ़ दिन में एक जान सड़क हादसे में जा रही है। डूंगरपुर की पुलिस अधीक्षक मोनिका सैन ने बताया कि डूंगरपुर नेशनल हाईवे से लेकर स्टेट हाईवे और ग्रामीण क्षेत्र की सभी सड़कों पर दुर्घटनाएं हो रही हैं।



इन हादसों में सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं तो सैकड़ों लोग घायल भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनवरी 2023 से लेकर अप्रैल 2024 तक की बात करें तो डूंगरपुर जिले में 703 सड़क हादसों में 349 लोगों की जान गई है। वहीं 718 लोग घायल हुए हैं। इसमें वर्ष 2023 में 507 सड़क हादसे हुए थे, जिसमें 253 लोगों की मौत हो गई और 540 लोग घायल हुए थे। इसी तरह इस वर्ष जनवरी से अप्रैल तक 196 सड़क हादसों में 96 लोगों की मौत हुई है, वहीं 178 लोग घायल हुए हैं।

### यातायात नियमों की देंगे जानकारी

एसपी सैन ने बताया कि जिले के सड़क हादसों का आंकड़ा डराने वाला है। इसको लेकर पुलिस गंभीर भी है। पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई तो करेगी ही, आमजन को ट्रेफिक रूल्स के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम भी चलाएगी। इसको लेकर कार्ययोजना बनाई जा रही है। इस योजना के तहत स्कूलों में जाकर पुलिस विद्यार्थियों को ट्रैफिक रूल्स की जानकारी देगी और उनकी पालना के सम्बन्ध में जागरूक करेगी, ताकि विद्यार्थी ट्रैफिक रूल्स की पालन कर सके। इसके साथ ही उन्हें अपने अभिभावकों को भी ट्रैफिक रूल्स के प्रति जागरूक करने को प्रेरित किया जाएगा।

### हादसों के स्थानों की होगी पहचान

एसपी ने बताया कि जिले में ऐसे कई स्थान है, जहां आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन जागरूकता के अभाव में लोग वहां सचेत होकर नहीं चलते और वे हादसे का शिकार हो जाते हैं। पुलिस ऐसे ब्लैक स्पॉट्स का सर्वे करवाएगी। उनका पता लगवाकर उनमें सुधार करवाया जाएगा। वहीं इन जगहों पर आवश्यक रूप से सड़क हादसे रोकने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हादसों वाली जगहों को चिह्नित कर लोगों को इनके बारे में सावचेत किया जाएगा ताकि इन जगहों से गुजरने वाले लोग सड़क हादसे से बच सकें। एसपी ने कहा कि अधिकाशं ये देखा जाता है कि यातायात नियमों की अवहेलना करने से दुर्घटनाएं होती है। इसके बारे में लोगों को जगरूक करने की जरूरत है। आमजन यातायात नियमों की पालना करे और सड़क पर सावधानी से वाहनों को चलाया जाए तो हादसों को रोका जा सकता है।

## विश्वेंद्र सिंह की पत्नी ने पूर्व सीएम पर लगाए गंभीर आरोप, बोलीं...

# गहलोत ने आग में घी डालने का काम किया, वे हैं फसाद की जड़

**बेधड़क | भरतपुर**

पूर्व राजपरिवार के पारिवारिक विवाद को लेकर बुधवार को विश्वेंद्र सिंह की पत्नी व पूर्व सांसद दिव्या सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत ने ही आग में घी डालने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दो-ढाई साल तक अशोक गहलोत ने बहुत आग लगाई। वहीं उन्होंने कहा कि मुझे महापंचायतों से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

ये लोकतंत्र है, न कि कोई सामंतवाद है। वहीं, विश्वेंद्र सिंह के बेटे अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता ने ऐतिहासिक मोतीमहल पर लगी सुरक्षा को हटा दिया। ऐसे में यदि मोतीमहल से कोई ऐतिहासिक वस्तु गायब या लापता होती है, तो उसके जिम्मेदार भी वो ही होंगे। वहीं, दिव्या सिंह ने कहा कि भरतपुर राजपरिवार का निकास करौली राजपरिवार से हुआ है। चाहे किसी इतिहासकार से पता कर लें। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि भरतपुर के एक पीसीसी मेंबर ने कहा है कि इस सारे फसाद के पीछे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता का हाथ है। ये बात बिल्कुल सही कही है। पूर्व सांसद दिव्या सिंह ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने आग में खूब घी छिड़का है। दो-ढाई साल तक उन्होंने बहुत आग लगाई है। खैर, जिन्होंने (पीसीसी सदस्य) भी ये बयान दिया है बिल्कुल सही दिया है, उनको ये बात पता होगी। दिव्या सिंह व अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हमारा एसडीएम कोर्ट और न्याय व्यवस्था में पूरा विश्वास है। वो जो भी निर्णय लेंगे सिर आंखों पर होगा। बुधवार को कुम्हेर के चामुंडा मंदिर में हुई सर्व समाज की पंचायत का जिक्र किए बिना उन्होंने कहा कि हमें कोई पंचायत जोड़ने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पंचायतें तो मैंने बहुत देखी हैं। अरुण सिंह, काका रघुराज, कृष्णेंद्र कौर दीपा के खिलाफ भी पंचायतें हुई थीं, लेकिन सब अपने घर में आराम से बैठे हैं।

पंचायत या महापंचायत से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। चाहे 51 लोगों की कमेटी बना लो या 5100 की। क्योंकि हम 2024 के लोकतंत्र में हैं, 1924 के सामंतवाद में नहीं हैं। इसका कोई असर एसडीएम ऑफिस पर भी नहीं होगा।



### हमें और स्टाफ को मिली थी धमकियां

अनिरुद्ध ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर आरोप लगाते हुए कहा कि हमारे लोगों को भी परेशान करने की कोशिश की गई। यदि किसी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल दी तो उसके यहां पुलिस भेज दी गई। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इन सब के लिए अशोक गहलोत ही जिम्मेदार हैं। दिव्या सिंह और अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हमें और हमारे स्टाफ को कई बार फोन पर धमकियां मिली हैं और इस संबंध में हम पूर्व में पुलिस अधीक्षक को पत्र भी दे चुके हैं।

### कैला मैया कुल देवी, गिरिराजजी इष्टदेव

दिव्या सिंह और अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि हम बार-बार सफाई नहीं देंगे। भरतपुर राजपरिवार का निकास करौली राजपरिवार से हुआ है। करौली की कैलादेवी मां हमारी कुलदेवी हैं और गिरिराजजी हमारे इष्टदेव हैं। चाहे तो किसी भी इतिहासकार से पूछ लीजिए। मेरे ससुर सवाई बृजेंद्र सिंह ने भी मुझे यही शिक्षा दी थी कि हमारा निकास वहीं से हुआ है, जो समाज के ठेकेदार बन रहे हैं हम समाज की बात कब कर रहे हैं। हम तो अपने परिवार की बात कर रहे हैं कि हमारा निकास करौली राजपरिवार से है। अनिरुद्ध सिंह ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता को लेकर कहा कि हमें पूरा विश्वास है कि उन्होंने हमारे कॉल रिकॉर्ड किए थे। मोतीमहल के बाहर वाले क्षेत्र के सौंदर्यीकरण का कार्य तत्कालीन एडीएम स्वीकृत कर के गई थीं, जिसे रोक दिया गया।

### ये है पूर्व राजपरिवार का विवाद

गौरतलब है कि पूर्व राजपरिवार सदस्य व पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने अपनी पत्नी पूर्व सांसद दिव्या सिंह और बेटे अनिरुद्ध सिंह पर मारपीट करने, खाना नहीं देने, घर छोड़ने को मजबूर करने के गंभीर आरोप लगाए थे। जबकि पूर्व सांसद दिव्या सिंह और बेटा अनिरुद्ध सिंह ने विश्वेंद्र सिंह पर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने बीते 30 साल में महाराजा सूरजमल की पूरी संपत्ति बेच दी। सिर्फ एक मोतीमहल बचा है। दिव्या सिंह का कहना है कि 'मैं मरते दम तक मोतीमहल को बचाऊंगी।

## बैरंग लौटी टीम, अब होगा DGPS सर्वे

# गुंजल के क्रैशर पर आठ घंटे चली नपाई नहीं निकला निष्कर्ष



**बेधड़क | कोटा**

कांग्रेस प्रत्याशी प्रहलाद गुंजल के खिलाफ अवैध माइनिंग के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मुकदमा उनके क्रेशर बाल बालाजी को लेकर किया गया है। इस मामले में प्रहलाद गुंजल ने अधिकारियों को चुनौती दी थी कि उनका क्रैशर वैध है और उसके दस्तावेज भी प्रस्तुत किए थे।

इसके बाद बुधवार को जमीन की नपाई के लिए संयुक्त टीम बावड़ीखेड़ा पहुंची, लेकिन 8 घंटे तक चली इस नपाई के बाद भी टीम कोई निष्कर्ष नहीं निकाल पाई। अब टीम ने नपाई के लिए डीजीपीएस सर्वे के लिए लिखा है। हालांकि फिलहाल जॉइंट टीम बैरंग ही वापस लौट गई। नगर विकास न्यास के तहसीलदार हेमराज मीणा का कहना है कि जमीन को नापने के लिए सुबह 6 बजे पहुंचे गए थे। इस संयुक्त टीम में उनके साथ तहसील लाल लाडपुरा हरिनारायण सोनी, माइनिंग इंजीनियर रामनिवास मंगल, थाना अधिकारी रानपुर भंवर सिंह और लाडपुरा रेंजर संजय नागर थे। यह कार्रवाई दोपहर 2 बजे तक चली। यूआईटी के तहसीलदार हेमराज मीणा का कहना है कि फिलहाल कोई निष्कर्ष इस मामले में नहीं निकला है। हमने कई जगह से नापने की कोशिश की, लेकिन दो गांव के खसरे यहां पर आ रहे हैं। एक तरफ इसमें फॉरेस्ट है, जिसके कारण कोई पॉइंट भी नहीं मिला। वहीं दूसरी तरफ अन्य खातेदारों की जमीन आ रही है। इससे यह तय नहीं हो पाया है कि यह जमीन कौन से खसरे में आ रही है। ऐसे में अब इसमें भू-प्रबंधन विभाग की मदद ली जाएगी।

## जलदाय विभाग कार्यालय पर पहुंचकर जताया विरोध

# पेयजल को लेकर सुनाई खरी-खोटी

**बेधड़क | चाकसू**

गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही कस्बे में पेयजल की समस्या विकराल होती जा रही है। इसको लेकर बुधवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, वार्ड-20 की पार्षद गंगा देवी, वार्ड-18 की पार्षद राधा देवी, कैलाश सैनी, पंडित राजू शर्मा, रामबाबू गोड़ीवाल, हनुमान सैनी, श्रीकांत शर्मा सहित अनेक लोग जलदाय विभाग के कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को जमकर खरी-खोटी सुनाई।

वही, पेयजल विभाग के लोगों को अवगत कराया कि गर्मी बढ़ने से पानी की डिमांड भी बढ़ गई है। गर्मी में पेयजल संकट से निपटने के लिए विभागीय स्तर पर पेयजल आपूर्ति के पूरे प्रयास किए जाएंगे। इसी तरह कस्बे के वार्ड 22 नागोरी मोहल्ले में भी पेयजल की समस्या से जनता परेशान है। वार्डवासी मजीद भाई, रहीश खान आदि ने बताया कि विभाग को आम जनता व पार्षद कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन इस तरफ अब तक किसी ने ध्यान नही दिया। महंगे दामों पर निजी टैंकर से पानी खरीदने के लिए लोग मजबूर हैं। वही एडवोकेट कासिम खान ने पेयजल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी को पत्र लिखकर पेयजल आपूर्ति में सुधार की गुहार लगाई है।



## बचाव में पुलिस ने साइबर ठगों के पैरों में मारी गोली

# पिस्टल छीनकर पुलिस टीम पर फायरिंग

**बेधड़क | डीग**

जिले में मंगलवार देर रात को पुलिस और साइबर ठगों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की ओर से फायरिंग में साइबर ठगों को गोली लग गई, जिससे वो घायल हो गए। इसके बाद उनका भरतपुर अस्पताल में इलाज कराया गया।

पुलिस आरोपियों को अनुसंधान के लिए लेकर गई थी, जहां आरोपियों ने कांस्टेबल की रिवॉल्वर छीनकर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। इस पर पुलिस ने दोनों साइबर ठगों के पैरों में गोली मारी। डीग एसपी राजेश मीणा ने बताया कि गिरफ्तार दिलावर और कबीर के परिजनों की ओर से साक्ष्य के रूप में वांछित मोबाइल, सिम एवं नकदी को खुर्द-बुर्द करने की संभावना को देखते हुए रात्रि में पुलिस टीम गांव टायरा के जंगलों में स्थित पहाड़ पर पहुंची थी। यहां एक पत्थर के नीचे थैली रखी हुई मिली, जिसे खोलकर देखा तो उसमें 16 सिम कार्ड, एक मोबाइल फोन और एक लाख रुपए थे। दिलावर और कबीर इसे ठगी करने के लिए उपयोग में लेते थे। मौके से आरोपियों को पुलिस वाहन में बिठाने के लिए ले जाने के दौरान कांस्टेबल को धक्का देकर पोच में लगी पिस्टल को दिलावर ने छीन लिया।

इतना ही नहीं उसने पुलिस जाप्ते पर ताबड़तोड़ फायर भी किए। एसएचओ ने हवाई फायर कर आरोपियों को चेतावनी दी, लेकिन दोनों आरोपी नहीं रुके। इस पर थानाधिकारी और पुलिस दल ने स्वयं की रक्षा के लिए सरकारी पिस्टल से चार राउंड फायर किए। फायरिंग में एक गोली दिलावर के बाएं पैर और एक गोली कबीर के दाहिने पैर में लगी।



## पैकिंग बदलकर बेचने के मामले का खुलासा

# 'उड़ान' के फ्री सेनेटरी नैपकिन बाजार में जा रहे बिकने

**बेधड़क | जोधपुर**

प्रदेश की युवतियों और किशोरियों के लिए गहलोत राज में शुरू हुई 'सेनेटरी नैपकिन वितरण उड़ान योजना' के नैपकिन अब बाजारों में बिकने जा रहे हैं। वह भी छोटी-मोटी मात्रा में नहीं बल्कि बड़ी लाखों मात्रा में। इन नैपकिनों को राज्य से बाहर ले जाकर पैकिंग बदलकर बेचने का मामला सामने आया है।

सीजीएसटी विभाग ने इसको लेकर बड़ी कार्रवाई की है। इसके बाद विभाग ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। बासनी थानाधिकारी शफीक खान ने बताया कि मंगलवार रात को सीजीएसटी विभाग ने सांगरिया के पास नाकाबंदी के दौरान हरियाणा जा रहे ट्रक को रुकवाया था। ट्रक में राजस्थान सरकार की ओर से मुफ्त वितरित होने वाले उड़ान सेनेटरी नैपकिन भरे थे, जिसे विभाग ने जब्त किया।

गिनती में कुल एक लाख 70 हजार नैपकिन निकले। विभाग की सूचना पर पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब है कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने युवतियों व महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के लिहाज से उड़ान योजना शुरू की थी।

इसके तहत स्कूलों व आंगनबाड़ी सहित अन्य माध्यमों से सेनेटरी नैपकिन निशुल्क देने की शुरूआत की गई थी। कुछ समय तो यह योजना ठीक-ठाक चली। बाद में नाकारा अधिकारी और कर्मचारियों की कारगुजारी के चलते योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पाया।

पूर्व में भी सेनेटरी नैपकिन वितरण को लेकर कई लापवाही सामने आ चुकी है। इसके चलते योजना 'उड़ान' नहीं भर सकी।




### पोकरण से नोएडा ले जाए जा रहे थे नैपकिन

सीजीएसटी विभाग के निरीक्षक लीलाधर जाट ने बासनी थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि ये नैपकिन नोएडा की बालाजी इंडस्ट्रीज सेक्टर 63 जा रहे थे। ये नेपकिन पोकरण से रवाना हुए थे। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि राजस्थान से यह नैपकिन नोएडा में नई पैकिंग के साथ बाजार में बेचने के लिए जा रहे थे। पुलिस पोकरण से जिस ट्रांसपोर्ट से ट्रक रवाना हुआ उसके मार्फत यहां से भेजने वाले तक पहुंचने का प्रयास कर रही।

### गांवों में नहीं बंट रहे नैपकिन

इस खुलासे से यह बात साफ हो गई कि सरकार ने यह नैपकिन पश्चिम राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में वितरण के लिए भेजे थे, लेकिन जिम्मेदारों ने इनका वितरण नहीं कर भंडारण किया। जिसे अब राज्य के बाहर के लोगों को बेचा गया है। इस मामले में कई सरकारी कर्मियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं यह मामला सामने आने के बाद इस बात का भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकारी कारिंदे सरकार की योजनाओं को कैसे बट्टा लगा रहे हैं। सरकार योजनाओं पर लाखों रुपए खर्च करती है, लेकिन लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों की कारगुजारी के चलते इनका लाभ आमजन को नहीं मिल पाता।

## ननिहाल में छुट्टियां बनाने आए थे

# हौद में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से हुई मौत

**जैसलमेर।** जिले के जोधपुर-जैसलमेर सीमा के पास डेडिया गांव में ट्यूबवेल के हौद में नहाने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे अपने ननिहाल छुट्टियों में आए हुए थे। वहीं, ट्यूबवेल पर बने हौद में नहाने वक्त पैर फिसलने से ये हादसा हो गया।

जानकारी के अनुसार दोनों बच्चे कुलदीप सिंह व जोग सिह गर्मी के मौसम के कारण हौद में नहा रहे थे। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से ये हादसा हो गया। दोनों को पानी में डूबता देख बाहर खड़े बच्चे ने परिजनों को आवाज देकर बुलाया। उसके बाद हौद से गंभीर हालत में दोनों बच्चों को बाहर निकालकर निजी वाहन से पोकरण जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा दोनों बच्चों को मृत घोषित करने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक कुलदीप सिंह पुत्र नरपत सिंह डेलासर का निवासी है, वहीं जोगराज सिंह पुत्र कुंदन सिंह किलो की ढाणी का निवासी है। इस पूरी घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।



### जयपुर डेंटल कॉलेज में फैलोशिप प्रोग्राम इम्प्लांट कोर्स का दीक्षांत समारोह, 20 डॉक्टर्स को दिए गए अवार्ड

# दंत चिकित्सा में अब इमीडिएट ट्रीटमेंट टेक्नोलॉजी से 72 घंटे में ईलाज: मीना

**बेधड़क** | जयपुर

शहर के दिल्ली रोड स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी में जयपुर डेंटल कॉलेज में चल रहे फैलोशिप प्रोग्राम इम्प्लांट का बुधवार को दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड आईएएस अधिकारी व चेयरपर्सन केएल मीना ने 20 डॉक्टर्स को अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरपर्सन मीना ने बताया कि इमीडिएट ट्रीटमेंट टेक्नोलॉजी दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नई क्रांति है, पहले मरीज को लगभग 6 से 7 माह तक ईलाज लेना पड़ता था। परंतु इस आधुनिक तकनीकी से मात्र 72 घंटे में ही मरीज का पूर्ण इलाज होता है।

मैनेजिंग ट्रस्टी, अध्यक्ष राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल व डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य डॉ. विकास जैफ ने बताया कि इंटरनेशनल इम्प्लांट फाउंडेशन, म्युनिख, जर्मनी और जयपुर डेंटल कॉलेज के बीच एक एमओयू साइन किया गया। इसके अंतर्गत जयपुर डेंटल कॉलेज में वर्ष 2020 से इमीडिएट इम्प्लांट लोडिंग का एक फैलोशिप प्रोग्राम चल रहा है। जिसमें प्रत्येक शेड्यूल में विश्व से 20 डॉक्टर भाग लेते हैं। इस मॉड्यूल में आधुनिक तकनीकी जैसे कि टेरिगोइड एम्प्लांट,आईएएन बाईपास, टिशु ग्राफ्टिंग आदि का डेमोंस्ट्रेशन किया जाता है।



#### रियायती कीमत पर मिल रहा ईलाज

प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ विवेक गौड़ ने बताया कि परम्परागत इलाज लगभग 5-7 लाख रुपए तक का खर्चा आता है। लेकिन जयपुर डेंटल कॉलेज में आधुनिक तकनीकी से मरीज को रियायती कीमती में ईलाज मुहैया हो रहा है। जिससे गरीब व आमजन लाभांवित हो रहे हैं।




#### चल रहे कई फैलोशिप प्रोग्राम

इस फैलोशिप प्रोग्राम में मेंटर के रूप में सिम्प्लोडेन्ट के डॉ. स्टीफन इडे, डॉ. एंटोनिया इडे ने भी भाग लिया था। उन्होंने बताया कि जयपुर डेंटल कॉलेज में कई फैलोशिप प्रोग्राम जैसे कि फेशियल एस्थेटिक्स, हेयर ट्रांसप्लांटेशन और डिप्लोमा जैसे कि डेंटल मैकेनिक डेंटल टेक्निशियन उपलब्ध है। इस मौके पर करीब 20 डॉक्टर्स को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा एम्प्लांट में प्रदान किया गया। इस मौके पर स्टाफ सहित अनेक लोग मौजूद थे। नर्सिंग कॉलेज निदेशक डॉ. योगेश यादव, रजिस्ट्रार महेंद्र तिवाड़ी, प्रिंसिपल डॉ. अनूप एन, एम्प्लांट डिपार्टमेंट एचओडी डॉ. राजेश गुर्जर, प्रोफेसर डॉ. अभिषेक खेरवा आदि सहित चिकित्सक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## Yuva स्टोरीज




### केमिस्ट्री, म्यूजिक, राजस्थानी और उर्दू की हुई परीक्षा

**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा, 2023 के तहत बुधवार को ऐच्छिक विषय केमिस्ट्री, म्यूजिक(वोकल), राजस्थानी एवं उर्दू विषय की परीक्षा का आयोजन अजमेर एवं जयपुर जिला मुख्यालय पर किया गया।

आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि केमिस्ट्री, म्यूजिक(वॉकल), राजस्थानी एवं उर्दू विषयों की परीक्षा के लिए क्रमशः 9110, 648, 700 एवं 1436 अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए थे। इनमें से सुबह 9 बजे से 12 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र- प्रथम की परीक्षा में क्रमशः 2776, 249, 254 एवं 529 अभ्यर्थी तथा दोपहर 2:30 से 5:30 बजे तक आयोजित प्रश्न पत्र- द्वितीय की परीक्षा में क्रमशः 2758, 251, 252 एवं 527 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

### SMS के प्रो. सुधीर महर्षि इटली में करेंगे शोध प्रस्तुत



**जयपुर**। यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ लीवर डिजीज सोसायटी की ओर से मिलान, इटली में 5 से 8 जून तक आयोजित होने वाले लीवर कॉन्फ्रेस में एसएमएस अस्पताल के गेस्ट्रोएंट्रोलोजी के प्रोफेसर डॉ. सुधीर महर्षि लीवर सिरोसिस पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। यह लीवर कॉन्फ्रेस यूरोपियन लीवर सोसायटी द्वारा लीवर की बीमारियों में नवीनतम शोध एवं इलाज के लिए की गई नवीन पद्धतियों के ऊपर हो रही है। कॉन्फ्रेंस विश्व की बड़ी कॉन्फ्रेस में से एक हैं। जिनमें पूरे विश्व से 10 हजार से ज्यादा लीवर रोग विशेषज्ञ भाग लेते हैं। इस शोध से एसएमएम अस्पताल को अन्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।



### स्टूडेंट्स को किया आर्मी से जुड़ने के लिए मोटिवेट

**जयपुर**। पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में बुधवार को इंडियन आर्मी की ओर से इनफॉर्मेटिव सेशन आयोजित किया गया। इसमें सेना के प्रतिनिधियों ने स्टूडेंट्स को आर्मी से जुड़ने के लिए मोटिवेट किया और इससे संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं व अवसरों की जानकारी दी। इस सेशन में 350 से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए। सेशन की शुरुआत में इंडियन आर्मी के बारे में बताया गया, जिसके तहत इसकी महत्वपूर्ण भूमिका, जिम्मेदारियों और वर्तमान समय में देश के युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई। इसके बाद इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स ने आर्मी में शामिल होने के लिए टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स (टीजीसी) और शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) जैसी एंट्री स्कीम्स के बारे में बताया। इनके साथ ही स्टूडेंट्स को इन स्कीम्स के माध्यम से भारतीय सेना में शामिल होने के लिए पात्रता के मानदंडों, चयन की प्रक्रिया और विभिन्न चरणों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही एजुकेशन क्वालिफिकेशन, फिजिकल फिटनेस स्टैंडर्ड, मेडिकल रिक्वायरमेंट्स और ट्रेनिंग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इस सैशन में स्टूडेंट्स ने आर्मी अधिकारियों से चयन प्रक्रिया और करियर की संभावनाओं से संबंधित कुछ सवाल पूछे, जिनका जवाब देकर उन्होंने स्टूडेंट्स की जिज्ञासा को शांत किया। सैशन से स्टूडेंट्स को इंडियन आर्मी के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत की मौका मिला।

### वेबसाइट से लिए जाएंगे आवेदन, अंतिम तिथि 20 जून

# राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए शिक्षा मंत्रालय ने आवेदन आमंत्रित किए हैं। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 नामांकन विंडो आधिकारिक पोर्टल nat.aicte-india.org पर खोल दी गई है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए नॉमिनेशन की अंतिम तिथि 20 जून तय की गई है।

पुरस्कार के लिए नामांकन निर्धारित प्रारूप का पालन करते हुए ऑनलाइन पोर्टल, राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल, awards.gov.in के माध्यम से किया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 का उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों (एचईआई) में देश के कुछ बेहतरीन संकाय सदस्यों को विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित करना है।

आधिकारिक सूचना में बताया गया है कि इस पुरस्कार का उद्देश्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षण-अधिगम, सामुदायिक सहभागिता, संस्थागत सेवा, अनुसंधान और नवीन पहल जैसे विभिन्न पहलुओं में संकाय सदस्यों की उपलब्धियों को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना है।



#### जूरी कमेटी करेगी चयन

एनएटी 2024 के लिए चयन प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रिलिमनरी सर्च कम स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा उम्मीदवारों की प्रारंभिक शॉर्टलिस्टिंग की जाती है। इसके बाद, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों में से पुरस्कार विजेताओं का चयन 'जूरी' कमेटी द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 नामांकन के लिए सिस्टम द्वारा जनरेट ओटीपी का उपयोग किया जाएगा तथा संस्थान के प्रमुख को एक ईमेल नोटिफिकेशन भी भेजी जाएगी। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 का आयोजन देश भर के कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक में कार्यरत फैकल्टी सदस्यों के लिए किया जाता है।

#### पुरस्कार के लिए ये रहेगी पात्रता

**नियमित फैकल्टी:** नामांकित व्यक्तियों के पास नियमित शिक्षण पद होना चाहिए।

**शिक्षण अनुभव:** ग्रेजुएशन/ पोस्ट ग्रेजुएशन में फुल-टाइम टीचिंग में न्यूनतम 5 साल का अनुभव होना चाहिए।

**आयु सीमा:** आवेदन की अंतिम तिथि तक नामांकित व्यक्ति की आयु 55 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

कुलपति/ निदेशक/ प्रिंसिपल (नियमित या कार्यवाहक) आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।

ऐसे व्यक्ति जो पहले इन पदों पर रह चुके हैं, लेकिन उनकी उम्र 55 वर्ष से कम है और वे कार्यरत हैं, नॉमिनेशन के लिए पात्र होंगे।

#### यह शामिल है पुरस्कार में

प्रत्येक वर्ष कुल 35 राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2024 दिए जाएंगे, जिनमें से श्रेणी-1 के तहत 25 पुरस्कार और श्रेणी-2 के तहत 10 पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक मेडल, एक सर्टिफिकेट और 50,000 रुपये नकद पुरस्कार दिया जाता है। अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### न्यू भारत कप में एनबी क्रिकेट अकेडमी विजय



**जयपुर**। न्यू भारत कप यू-17 में क्रिकेट मैच एनबी अकैडमी और कल्याणी अकैडमी खेला गया। इसमें टॉस एनबी क्रिकेट अकैडमी ने जीतते हुए चॉइस बैटिंग का लिया। एनबी क्रिकेट अकेडमी ने 216/10(40) बनाए। जिसमें कुणाल सिंह ककड़ ने (98) रन अफान अली ने (35) शौभाग्य असवानी ने (26) रन बनाए।

कल्याणी अकेडमी की ओर से लकी वर्मा ने 3 विकेट और जतिन मोटवानी और कविस मिश्रा ने 2/2विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कल्याणी अकेडमी मात्र 180/10 ही बना पाई। इसमें विधान शर्मा (78) कुशल गंगवाल (42) रन बनाए।

एनबी क्रिकेट अकेडमी की इस जीत में मेनऑफ़ द मैच रहे कुणाल सिंह ककड़ एनबी एकेडमी की और से रोहन सिंह मीणा और रौनक़ सिंह उदेनिया ने 2/2 विकेट लिए।

### नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता

## क्रिकेट प्रतियोगिता में में शिवा और कोड़ाई एकेडमी ने की जीत दर्ज

**बेधड़क** | जयपुर



यूनियन क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित 26वीं नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के अन्तर्गत हुकुम सिंह ग्राउण्ड हाथोज में पुल सी अन्तिम मैच खेला गया। इसमें शिवा क्रिकेट एकेडमी ने एमी क्रिकेट एकेडमी को 8 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किए। इसमें राजवीर सिंह 105 रन नाबाद व 28 रन पर 1 विकेट की बदौलत पूल के इस अन्तिम मैच में शामिल पारी खेली। अपनी पारी में शिवा एकेडमी में राजवीर सिंह 105 रन नाबाद (65 गेंद, 9 चौके, 7 छक्के) तथा शुभम शमां 32 रन की मदद से विजय लक्ष्य 184 रन मात्र 2 विकेट खोकर केवल 18 ओवर में हासिल कर अपनी तीसरी जीत दर्ज की।

बुधवार को खेले गए पुल ई के एक अन्य मैच में जतिन सैनी ने 104 रन की बनाते हुए राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी को सचिन यादव 129 रन की शतकीय पारी के बावजूद 7 विकेट से हराकर 2 अंक र्जित किए। जबावी पारी में कोडाई एकेडमी के जतीन सैनी 104 रन तथा सुमित सैन 52 रन ने मिलकर 8 ओवर में ही 118 रन की साझेदारी निभाकर अपनी टीम के लिए दमदार शुरूआत की।

बल्लेबाजों ने अपनी टीम को विजय लक्ष्य 209 रन 3 विकेट खोकर ही 17.5 ओवर में हासिल करवा दिया। मैच के मैन ऑफ द मैच जतिन सैनी कोडाई किकेट एकेडमी रहें।

### वरि. वैज्ञानिक अधिकारी के साक्षात्कार 30 को




**जयपुर**। राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से गृह (ग्रुप-1) विभाग के डीएनए, साइबर फॉरेंसिक एंड पॉलीग्राफ डिवीजन के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी एवं सहायक निदेशक के पदों हेतु साक्षात्कार 30 मई को आयोजित किए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थियों के साक्षात्कार-पत्र यथा समय आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण-पत्र मय फोटो प्रति साथ अवश्य लाएं अन्यथा साक्षात्कार से वंचित कर दिया जाएगा।

**प्लेसमेंट** | **जेईसीआरसी ने बनाया प्लेसमेंट रिकॉर्ड**

# 256 दिनों में 167 कंपनियों ने दिए 2008 ऑफर लेटर

**बेधड़क** | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने इस बार भी प्लेसमेंट में अपना एक रिकॉर्ड बनाया है। यहां के विद्यार्थियों को 256 दिनों में देश की प्रतिष्ठित 167 कंपनियों ने दिए 2008 ऑफर लेटर प्रदान किए है, जो एक बड़ा रिकॉर्ड है। जयपुर में पढ़ रहें स्टूडेंट्स ने देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, जो की एक गर्व की बात हैं। इन कंपनियों ने स्टूडेंट्स को सिर्फ ऑफर लेटर ही नहीं दिया, बल्कि अच्छा सैलरी पैकेज भी दिया हैं।

जेईसीआरसी की स्टूडेंट कनिका मित्तल को माइक्रोसॉफ्ट से 52 लाख का हाईएस्ट पैकेज मिला है। वहीं एवरेज पैकेज 6.8 एलपीए रहा, 289 से ज्यादा स्टूडेंट्स को 10 एलपीए से ज्यादा पैकेज मिला हैं। वहीं पिछले 5 साल में 10 हजार से ज्यादा कैंपस प्लेसमेंट्स हो चुके है।



#### नामी कंपनियों में हुआ प्लेसमेंट

जेईसीआरसी की तरफ से जारी प्लेसमेंट बैच 2024 के आंकड़ों के मुताबिक माइक्रोसॉफ्ट, एक्सेंचर, फ्लिपकार्ट,पी डब्लू सी, सेलेबल, एच पी कम्प्यूटर्स, नेस्ले, यामाहा, होंडा कार्स, एयू बैंक, डेलॉइट, टीसीएस, एल एंड टी, एनबीसी, दैनिक भास्कर, ऐशियन पेंट्स, ओबेरॉय सुखविलास, सुराणा लॉ चैम्बर्स, महिंद्रा जैसी टॉप कंपनीज में स्टूडेंट्स का अच्छा सैलरी पैकेज पर चयन किया गया हैं। 2024 प्लेसमेंट बैच में हॉस्पिटैलिटी, पब्लिक रिलेशन, एफएमसीजी, एनर्जी/ यूटिलिटीज, मैन्युफैक्चरिंग (सेनेटरी वेयर) जैसी कंपनियों में स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ हैं। इन कंपनियों ने विद्यार्थियों के लिए नए क्षेत्र खोले हैं, साथ ही इस बार इंजीनियरिंग के साथ बीबीए, बीसीए, लॉ, ह्यूमिनिटीज डिजाइन और पत्रकारिता के प्रोफेशनल्स के लिए भी कम्पनीज ने प्लेसमेंट दिया है।

#### सीआरटी मॉड्यूल से मिलती है प्लेसमेंट में मदद

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन अर्पित अग्रवाल ने कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि हम बच्चों के सपनों को सुनहरी उड़ान दे सकें। डायरेक्टर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिस प्रो. मुक्त बिहारी ने कहा कि यूनिवर्सिटी का सीआरटी मॉड्यूल बच्चों को अपनी ड्रीम कंपनी के लिए तैयार करने का सबसे अलग और बेस्ट प्रोग्राम है, इससे बच्चो को काफी मदद मिलती है। साथ ही उन्होंने बताया की बियॉन्ड द क्लासरूम पर भी हमारा पूरा ध्यान रहता हैं। जेईसीआरसी इनक्यूबेशन सेंटर के तहत 60 से अधिक स्टार्टअप इनक्यूबेट किए गए।

# सीएए के तहत शरणार्थियों को मिलने लगी नागरिकता




**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


आखिरकार लंबी चली जद्दोजहद के बाद नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के अधिसूचित होने के बाद पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से प्रताड़ित भारत की शरण में आए गैर मुस्लिम प्रवासियों को बहुप्रतिक्षित नागरिकता देने का काम शुरू हो गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने अपने दिल्ली स्थित कार्यलय में 14 शरणार्थियों को भारतीय नागरिक होने के प्रमाण-पत्र दिए हैं। वैसे देशभर में कुल 300 शरणार्थियों को ई-मेल के जरिए नागरिकता प्रमाण-पत्र भेज दिए गए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने इसे ऐतिहासिक दिन करार देते हुए कहा कि शरणार्थियों का दशकों का इंतजार खत्म हो गया है। नागरिकता पाने वाले इन लोगों में पड़ोसी देशों से इस्लामिक धार्मिक कट्टरता के शिकार हुए हिंदु, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता दिए जाने पर कहा कि 'इनमें अधिकतर हमारे दलित भाई-बहन ओबीसी और अन्य अति पिछड़ी जातियों के लोग हैं, इन पर पलायन कर आए देशों में तो जुल्म हुआ ही, परंतु वोट बैंक की राजनीति में डूबी कांग्रेस और अन्य दलों की सरकारों ने भी इनके संरक्षण की कभी परवाह नहीं की।'

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले इस कानून को अमल में लाना भाजपा की चुनावी रणनीति का हिस्सा भी माना जा सकता है। हालांकि इस कानून को लागू करने और इसके तहत नागरिकता देने में देरी हुई है, क्योंकि यह विधेयक दोनों सदनों से पांच साल पहले ही पारित हो चुका है। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल इस कानून का इसलिए दुष्प्रचार करते रहे हैं कि इससे मुसलमानों की नागरिकता संकट में पड़ जाएगी। जबकि इसमें देश के किसी भी धर्म से जुड़े नागरिक की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है। हां घुसपैठियों को जरूर नागरिकता सिद्ध नहीं होने पर बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। संसद और उसके बाहर ऐसे अनेक बौद्धिक

> *“मनमोहन सिंह के कार्यकाल में राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मांग पर 13 हजार हिंदू और सिखों को नागरिकता दी गई थी। पिछले तीस वर्षों में 30,000 से अधिक पाकिस्तानी मूल के नागरिकों को भारतीय नागरिकता मिल चुकी है। इनमें 99 फीसदी सिंधी हैं। नए कानून के तहत इंदौर में 2000 से अधिक सिंधी नागरिकता पाने की कतार में हैं। अलबत्ता नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अब तक 566 मुस्लिमों को भारतीय नागरिकता दी गई है। यह आंकड़ा स्वयं गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में बहस के दौरान पेश किया था।”*

आलोचक थे, जो यह प्रमाणित करने में लगे थे कि यह कानून 'आइडिया ऑफ इंडिया' अर्थात संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है, लेकिन यह संदेह जम्मू-कश्मीर से हटाई गई धारा-370 और 35-ए की तरह ही संवैधानिक है।

इस कानून का मुख्य लक्ष्य धार्मिक आधार पर प्रताड़ित वह हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यक हैं, जिन्हें पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से पलायन को मजबूर होना पड़ा है। भारत में आकर शरणार्थी जीवन जी रहे इन समुदायों के लोगों को अब देश की नागरिकता मिलने का रास्ता खुला है। नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन भी ऑनलाइन जारी कर दिया गया था। इसे शरणार्थी जरूरी दस्तावेजों के साथ भरकर नागरिकता की मांग कर सकते हैं। आवेदन करने वालों को 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश का वीजा और अप्रवासी होने के प्रमाण देने थे। धारा 5 के अंतर्गत अप्रवासी मुस्लिम या कोई भी विदेशी नागरिक आवेदन कर सकते हैं। पहले भी इन तीनों देशों के मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दी जा चुकी है। यह व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। जाहिर है, यह कानून किसी धर्म या संप्रदाय के आधार पर भेदभाव से नहीं जुड़ा है।

यह विधेयक मूल रूप में 1955 के नागरिकता विधेयक में ही कुछ परिवर्तन करके अस्तित्व में लाया गया है। 1955 में यह कानून देश में दुखद विभाजन के कारण बनाया गया था। इस समय बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मों के लोग पाकिस्तान से भारत आए थे। इनमें हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई थे। कुछ लोग भारत से पाकिस्तान भी गए थे। इस आवागमन में सांप्रदायिक दंगे भी हुए, जिनमें ज्यादातर सहिष्णु हिंदू मारे गए थे। बावजूद भारत ने धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक देश बनाने का निर्णय लिया। लेकिन पाकिस्तान ने खुद को इस्लामिक राष्ट्र घोषित कर दिया।

दरअसल इन गैर-मुस्लिमों का भारत के अलावा कोई दूसरा ठिकाना इसलिए नहीं था, क्योंकि पड़ोसी अफगानिस्तान भी कट्टर इस्लामिक देश बन गया था। 1955 तक ही करीब 45 लाख हिंदू और सिख भागकर भारत आ गए थे। इनको ही दृष्टिगत रखते हुए नागरिकता निर्धारण विधेयक 1955 बनाया गया था। खासतौर से कांग्रेसियों को नहीं भूलना चाहिए कि 1971 में जब इंदिरा गांधी के प्रयास से बांग्लादेश वजूद में आया था, तब बांग्लादेश से आए लोगों को तो नागरिकता दी गई थी, लेकिन पाकिस्तान से आए लोगों को नहीं दी गई थी। युगांडा के शरणार्थियों को भी इंदिरा गांधी ने नागरिकता दिलाई थी। लिहाजा देश किसे नागरिकता दे, किसे न दे, यह संविधान सम्मत है। इस नाते समानता का सिद्धांत उन्हीं पर लागू हो सकता है, जिन्हें भारतीय नागरिकता दी गई है। यह अधिकार केंद्र सरकार के पास सुरक्षित है कि वह किसे शरण दे और किसे भारतीय नागरिकता प्रदान करे।

1971 में जब पाकिस्तान से अलग होकर नया बांग्लादेश बना तो इस दौरान हिंदू समेत अन्य गैर-मुस्लिमों पर विकट अत्याचार हुए। फलतः इनके पलायन और धर्मस्थलों को तोड़ने का सिलसिला और तेज हो गया। नतीजतन बड़ी संख्या में हिंदुओं के साथ बांग्लादेशी एवं पाकिस्तानी मुस्लिम भी बेहतर भविष्य के लिए भारत चले आए, जबकि वे धर्म के आधार पर प्रताड़ित नहीं थे। ये घुसपैठिए बनाम शरणार्थी पूर्वोत्तर के सातों राज्यों समेत पश्चिम बंगाल में भी घुसे चले आए। इनकी संख्या तीन करोड़ तक बताई जाती है। शरणार्थियों की तो सूची है, लेकिन घुसपैठिए केवल अनुमान के आधार पर हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## आम चुनाव 2024: छठे चरण का चुनावी संघर्ष

# दोनों तरफ से बात पीएम मोदी की ही




**गजानन्द शर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार


> *“विश्लेषकों की अपनी-अपनी अवधारणा और अपना-अपना मूल्यांकन है। दावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी करते हैं कि उनका विपक्षी गठबंधन इंडिया, भाजपा को रोकने में सफल रहेगा। इन दावों की हकीकत तो 4 जून को ही पता चलेगी, लेकिन अब चुनाव के शेष दो चरण सत्ता के दावेदार दोनों गठबंधनों के लिए बहुत अहम हैं। छठे चरण में जिन 58 सीटों पर मतदान होना है उसमें से लगभग आधी सीटें उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार में हैं।”*

प्रथम चरण में कम मतदान प्रतिशत के साथ शुरू हुआ लोकतंत्र का महायज्ञ लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम मुकाम की ओर बढ़ रहा है। पांच चरणों का मतदान हो चुका है और दो चरण शेष हैं। इतने बड़े देश और इतनी बड़ी संख्या में मतदाता के बीच हो रहा शांतिपूर्ण मतदान हमारे लोकतंत्र की परिपक्वता का तो प्रतीक है ही, गौरव का भी विषय है। अब छठे चरण में 25 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर मतदान होगा। पांचवें चरण तक कुल 429 सीटों पर मतदान हो चुका है और राजनीतिक दल अब तक हुए मतदान में अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। हालांकि, अब तक के चुनाव प्रचार से एक बात साफ है। आलोचना या तारीफ के केंद्र में नाम एक ही है और वह नरेंद्र मोदी। सत्ता पक्ष अपने पक्ष में वोट के लिए मोदी की दुहाई दे रहा है और विपक्षी गठबंधन भी अपने पक्ष में वोट मोदी की नीतियों पर हमला करके ही मांग रहा है।

कानूनी लड़ाई के बीच चुनाव प्रचार में उतरे आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का चुनाव प्रचार भी मोदी नाम पर केंद्रित है। वह कह रहे हैं कि मोदी अब अमित शाह को पीएम बनाने वाले हैं और योगी आदित्यनाथ से सीएम पद वापस ले लिया जाएगा। पीएम मोदी का सियासी हमला इतना प्रबल होता है कि विपक्षी नेता अपनी सभाओं में बचाव करते या सफाई देते नजर आते हैं, जबकि पीएम मोदी अपनी सभाओं में किसी विपक्षी हमले के जवाब में सफाई देते नजर नहीं आते। उनके शब्दों में लक्ष्य भेदन का ही जोर रहता है। यानी 400 पार जाना है। हालांकि 2019 के पिछले चुनाव में हुए मतदान की तुलना में इस बार मतदान का प्रतिशत कम रहने के कारण भाजपा के 272 के जादुई आंकड़े के लक्ष्य को पार कर लेने पर भी राजनीतिक क्षेत्रों में सवाल उठने लगे हैं। हार-जीत के दावे-प्रतिदावे हो रहे हैं। हां, राजनीतिक दलों के दावों में अतिशयोक्ति हो सकती है, लेकिन इस बीच दो संजीदा राजनीतिक विश्लेषकों के दावे भी सामने आए हैं। इनमें से एक हैं जन सुराज के



सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर और दूसरे हैं जाने-माने राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव।

प्रशांत किशोर का मानना है कि भाजपा इस बार भी लगभग 2019 जैसा प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। यानी आंकड़ा 303 के आसपास रहेगा। वे मानते हैं कि भाजपा का 370 सीटों का दावा उसकी एक रणनीति का हिस्सा था और विपक्ष उसके इस झांसे में आ गया, क्योंकि इसके बाद राजनीतिक क्षेत्रों में चर्चा इस बात पर हो रही है कि भाजपा 370 सीटों का लक्ष्य हासिल कर पाएगी या नहीं, जबकि यह चर्चा गौण हो गई कि भाजपा सरकार बनाने के लिए संवैधानिक रूप से जरूरी 272 सीटें हासिल कर लेगी या नहीं। दूसरी ओर, राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव कहते हैं कि भाजपा को इतना बहुमत नहीं मिलेगा। उसे कम से कम 50 सीटों का नुकसान होगा। वहीं, प्रशांत किशोर कहते हैं कि बीजेपी 370 सीटों तक तो नहीं पहुंचेगी, लेकिन सीटों का आंकड़ा 303 के ऊपर ही रहेगा। वहीं, राजनीतिक विश्लेषक योगेंद्र यादव के अनुसार यह संभव नहीं है। अब यदि हम 50 सीटों के नुकसान के यादव के निष्कर्ष को सही मान लें तो भाजपा के हिस्से में इस बार करीब 250 के सीटें आ रही हैं। ऐसे में जरूरी बहुमत के लिए 25-30 सीटों का फासला बचता है तो वह उसके सहयोगी दल या पर्दे के पीछे बैठे समर्थक दल पूरा कर सकते हैं। यानी योगेंद्र यादव मानें या ना मानें, भाजपा नीत राजग की वापसी की संभावना है। योगेंद्र यादव का मानना है कि भाजपा को कई राज्यों में नुकसान हो रहा है। भाजपा अकेले बिहार में 15 सीटें गंवा सकती है, जबकि प्रशांत किशोर मानते हैं कि भाजपा जादुई नंबर को पार लेगी। उनका तर्क है कि लोग भले ही निराश हों, उनमें मौजूदा भाजपा सरकार के प्रति खास नाराजगी नहीं है। दोनों विश्लेषकों की अपनी-अपनी अवधारणा और अपना-अपना मूल्यांकन है। दावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी करते हैं कि उनका विपक्षी गठबंधन इंडिया, भाजपा को रोकने में सफल रहेगा। इन दावों की हकीकत तो 4 जून को ही पता चलेगी, लेकिन अब चुनाव के शेष दो चरण सत्ता के दावेदार दोनों गठबंधनों के लिए बहुत अहम हैं। छठे चरण में जिन 58 सीटों पर मतदान होना है उसमें से लगभग आधी सीटें उत्तर प्रदेश, हरियाणा और बिहार में हैं। 25 मई को उत्तर प्रदेश की 14, बिहार की 8, पश्चिम बंगाल की 8, हरियाणा की 10 और दिल्ली की 7 सीटें भी शामिल हैं। यानी उत्तर प्रदेश और बिहार में लड़ाई करो या मरो वाली है तथा दोनों ओर से ही दांव बहुत बड़ा है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के हिस्से में 17 सीटें आई हैं और चुनाव के शेष चरणों में उसके हिस्से की भी कुछ सीटें भी हैं। पिछली बार कांग्रेस इस चरण में खाली हाथ रही थी, जबकि भाजपा के खाते में 40 सीटें आई थी, लेकिन इस बार भाजपा के लिए यह लगभग सीधी टक्कर का दौर है। यही वजह है कि पीएम मोदी ने चुनाव-प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है। वे एक दिन में दो-दो राज्यों में चुनाव सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इस बार पीएम मोदी विपक्ष के बयानों को अपना सियासी हथियार बना रहे हैं। बंगाल में उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ही बयानों को लेकर हमला किया। ममता ने रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ की यह कह कर आलोचना की थी, वे दिल्ली के इशारे पर काम कर रहे हैं।

वहीं, यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को निशाने पर रखा। पिछले दो-तीन दिनों की पीएम मोदी की सभाएं और उनके भाषणों का आकलन करें तो यह साफ नजर आता है। दौरा बंगाल का है तो उनके मुद्दे और रणनीतिक हथियार अलग हैं और वह बिहार-उत्तर प्रदेश में हैं तो उनके मुद्दे और सियासी हथियार अलग हैं। ऐसा ही अन्य राज्यों के दौरे में है। वे लक्ष्य केंद्रित है। वहीं, कांग्रेस में लगता है कि कुछ नेता अपना ही सियासी लक्ष्य साधने में लगे हैं। हाल में बीच चुनाव पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के बीच जिस तरह से तलवारें खींची, वह गलत संदेश देती है। ममता ने विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर बाहर से समर्थन देने की बात कही तो अधीर ने कह दिया कि वह भरोसे के लायक नहीं है और चुनाव बाद वह भाजपा की ओर जा सकती हैं। इस पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अधीर रंजन चौधरी को फटकारा कि फैसला करने वाले हम हैं, आप नहीं। अधीर भी जवाब में उबल पड़े। हालांकि, बाद में खरगे ने उन्हें पार्टी का लड़ाकू सैनिक कह कर बात समाप्त कर दी, लेकिन कांग्रेस में बीच-बीच में मुखर होने वाले ये कलह के सुर भाजपा को उस पर अंगुली उठाने का मौका देते हैं। कांग्रेस को आगे बढ़ने के लिए कलह के इन सुरों पर लगाम देने की जरूरत है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चूहों पर चिंतन




**दिनेश विजयवर्गीय**
व्यंग्यकार


जब भी कोई जरूरत से अधिक अपनी बढोत्री करने लगता है तो वह दूसरों के लिए दुविधा बन खड़ा हो जाता है। हमारे देश में बढ़ती आबादी भी दिन-ब-दिन समस्या बनती जा रही है। संसाधनों की छीना झपटी मची हुई है। ऐसे में कई लोग अपनी सुविधाओं के लिए तरसते रहते हैं।

आजकल शहरों में गोवंश यहां-वहां घूमता रहता है। वह चौराहों बाजारों और सड़कों पर बैठ ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित करता रहता है। समय समय की बात है जो कभी अन्नदाता की जरूरत थी, वह आज उपेक्षित है। शहरों की गली-गली में कुत्तों का बोलबाला है। कहीं भी किसी को काटकर अपनी अहमियत बता देने से नहीं चूकते। उसे क्या पता है कि उसका एक दांत भी मनुष्य के शरीर में लग जाए तो फिर बेमौत बचने के लिए महंगे इंजेक्शन लगाने होते हैं। कहीं शहरों और धार्मिक स्थानों पर बंदरों का आतंक है। वो पल भर में ही छीना झपटी कर और काटने का डर दिखा कोई भी खाने पीने की चीज या बैग, चश्मा ले उड़ते हैं। उनकी ना चाहते हुए भी मानमनुहार करनी पड़ती है। इन्हें कितना कुछ भी पकड़ो और जंगलों में छोड़ दो लेकिन फिर भी कुछ समय बाद इनकी शहरों में बसंत बहार नजर आने लगती है। हमारे यहां धर्म आध्यात्म का बोलबाला है। इसलिए कुत्ते बंदर गोवंश ज्यों कि त्यों अपनी उपस्थिति बनाए हुए हैं। वह भी मनुष्य के इस दया सहानुभूति से परिचित हैं। बस इसी के चलते हैं उनकी मौज बनी हुई है। यों तो घर-घर में चूहों का आतंक भी कोई कम नहीं है ।घर की किचन हो या रेल की किचन सब जगह इनका राज है । वे पिंजरे में भी जल्दी आना नहीं चाहते । खा पीकर वहीं आनंद मंगल का जीवन जीते रहते हैं।इनकी उपस्थिति तो हॉस्पिटल में भी देखी जा सकती है। यह मरीज से भी अपने दांतो से दो दो हाथ कर लेते हैं। आज हमारा देश धर्म आध्यात्म के चलते भगवान गणेश जी के इन वाहनों को भी मान सम्मान मिला हुआ है। एक मंदिर में तो दूध पिलाकर उनका स्वास्थ्य बनाए रखने की परंपरा बनी हुई है। इन चूहों की बढ़ती आबादी से दुनिया का सबसे समृद्धशाली देश अमेरिका भी पना मांगने लगा है। अब वह जल्द ही कोई उचित कदम उठाने के फेर में है। लगता है अब वक्त आ गया है कि इन चूहों से भी दो-दो हाथ कर लिया जाए ,नहीं तो यह बर्बादी को ठेल ठेल कर हमारा जीवन मुश्किल कर देंगे ।अब देखते हैं कि अमेरिका में इनके भविष्य का क्या कुछ बनता है। बस उसी का इंतजार है।

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
2014 का चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने दिल्ली की जामिया मिलिया इस्लामिया सेंट्रल यूनिवर्सिटी में SC/ST/OBC का हक छीनने का पाप किया था। अब वह अपने वोट बैंक के लिए देशभर में ऐसा ही करना चाहती है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्डों और पेट्रोल पंप से लेकर शौचालयों तक पर छपा हुआ एक चेहरा 10 साल से आम जनता की तकलीफों पर हंसता रहा। मगर अब उस चेहरे की हकीकत हर देशवासी समझ चुका है - इसलिए देश भर में झूठ के गुब्बारे फूट रहे हैं।



**योगी आदित्यनाथ,** मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
@myogiadityanath
एक भी अपराधी, गुंडा, माफिया, देशद्रोही या रामद्रोही को आपका वोट नहीं पड़ना चाहिए...



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
प्रधानमंत्री आपके सामने आते हैं तो महंगाई और बेरोजगारी शब्द उनके मुंह से नहीं निकलता। दस साल सरकार चलाने के बाद मंगलसूत्र और भैंस चोरी की बातें करते हैं। न ये बताते हैं कि क्या किया है, न ये बताते हैं कि क्या करेंगे।

## नॉलेज कॉर्नर: सड़क पर सफेद और पीली पट्टियों देती बहुत कुछ जानकारी

# सड़क पर बनी सफेद-पीली पट्टी का ये है संदेश!

आप जब भी घर से बाहर मुख्य सड़क पर जाते हैं तो आपने सड़क पर जरूर सफेद और पीली पट्टियों को देखा होगा। ये पट्टियां अलग-अलग आकार में बनी होती हैं। जबकि कुछ पट्टियां अलग-अलग रंग में भी निर्मित होती। जिनका मतलब भी अलग-अलग होता है। खासतौर पर जब आम सड़क में कोई वाहन चला रहे होते हैं तो आपकी जानकारी के लिए इन संकेतों को जानना आवश्यक है। आपके मन में भी कई बार यह बात आई होगी आखिर यह पट्टियां क्या संदेश देती हैं। सड़क पर बनी इन पट्टियों का क्या मतलब है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इन खास संकेतों के बारे में...

### सफेद पट्टी का यह होता मतलब

यदि किसी हाईवे या फिर एक्सप्रेस वे पर कोई सफेद पट्टी दिखती है और वह लगातार बनी हुई है, तो इसका मतलब होता है कि आपको अपनी लेन बदले बिना सीधा चलते रहना है। नियम के मुताबिक, आपको अपनी लेन नहीं बदलनी है। क्योंकि, ऐसा करने पर दुर्घटना होने का खतरा रहता है। यदि आप सड़क पर हैं और उस सड़क पर सफेद पट्टी है, जो कि बीच-बीच में टूट रही है। यानि कि उस सफेद पट्टी के बीच में अंतर मौजूद है, तो आप उस प्वाइंट से अपनी लेन बदल सकते हैं। ऐसी जगहों पर



नाइट लाइट इंडिकेटर का भी प्रयोग किया जाता है, जिससे रात में आसानी से यह दिख सके। ऐसा करने पर दुर्घटना होने की संभावना कम होती है।

### पीली पट्टी का यह है अर्थ

कुछ जगहों पर सड़क पर सफेद पट्टी की जगह पीली पट्टी देखने को मिलती है। इसका मतलब यह है कि यदि सड़क पर पीली पट्टी बनी हुई है, तो आप उस लेन में गाड़ी को ओवरटेक कर सकते हैं। हालांकि, ऐसा करने के लिए आपको पीली लाइन को पार करना होगा। वहीं, भारत के तेलंगाना में दूसरी गाड़ी को ओवरटेक करने के लिए पीली लाइन के अंदर ही रहना होता है। ऐसे में अलग-अलग जगहों पर पीली लाइन का मतलब अलग हो सकता है।

### ...और ये देती हैं अलग संदेश

*सड़कों पर आपने किनारे पर भी सफेद और पीली पट्टी को देखा होगा। इसका मतलब यह होता है कि आपको अपना वाहन उस पट्टी के अंदर ही रखना है। सड़क पर उस पट्टी से बाहर वाहन नहीं चलाना चाहिए, क्योंकि सड़क के अधिक किनारे गाड़ी चलाने पर दुर्घटना की संभावना हो सकती है।*

**कंटेंट: बजरंगलाल बुनकर**

भाजपा-कांग्रेस पर चुनाव आयोग सख्त: नड्डा व खरगे को पत्र लिखकर दिए निर्देश

# चुनाव प्रचार में मर्यादा बनाए रखें, संविधान-सेना पर न हो बयानबाजी

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की अमर्यादित बयानबाजी को लेकर चुनाव आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से कहा है कि वे अपने स्टार प्रचारकों को कोई भी बयान देते समय सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने के निर्देश दें। आयोग ने नड्डा और खरगे को अलग-अलग चिट्ठी लिखकर चिंता व्यक्त की कि संबंधित स्टार प्रचारकों के बयान और भाषण आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करते हैं। आयोग ने कहा दोनों पार्टी प्रमुख सुनिश्चित करें कि पार्टी के स्टार प्रचारक अपने चुनाव प्रचार के दौरान




आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करें। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार के गिरते स्तर को देखते हुए ये आदेश दिए हैं।

### समाज को बांटने वाले बयानों से बचें भाजपा नेता

आयोग ने भाजपा को निर्देश दिए हैं कि पार्टी के नेता अपने भाषणों के दौरान धार्मिक और सांप्रदायिक बयानबाजी न करें। यह भी कहा गया है कि समाज को बांटने वाले बयानों से बचें। आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव के समय सत्तारूढ़ दल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होती है। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी समेत कांग्रेस के नेता अपने भाषणों में संविधान बचाने और अग्निवीर स्कीम का बार-बार जिक्र कर रहे हैं। वहीं, भाजपा के नेता अपनी भाषणों में मुसलमानों और धर्म का जिक्र कर रहे हैं। आयोग ने दोनों पार्टियां के स्टार प्रचारकों को धार्मिक और सांप्रदायिक बयानबाजी न करने का निर्देश दिया है।

### रक्षा बलों को लेकर राजनीति न करें कांग्रेस नेता

चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेताओं से कहा है कि आधारहीन बयानबाजी न करें। मुख्य रूप से संविधान को खत्म करने और अग्निवीर योजना खत्म करने वाले बयान न देने के आदेश दिए हैं। कांग्रेस प्रचारकों और उम्मीदवारों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि वे रक्षा बलों पर राजनीति न करें। साथ ही रक्षा बलों की सामाजिक और आर्थिक संरचना को लेकर विभाजनकारी भाषण न देने का आदेश दिया गया है।

### भाजपा-कांग्रेस नहीं कर सकते चुनावी विरासत को कमजोर

आयोग ने कहा है कि भारत का सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश एक स्थायी संरक्षण है और इसे चुनावों के कारण प्रभावित नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग ने यह भी कहा है कि भाजपा और कांग्रेस को भारतीय मतदाताओं के गुणवत्तापूर्ण चुनावी अनुभव की विरासत को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस द्वारा एक दूसरे के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया है और उनके बचाव को भी खारिज कर दिया है। सत्ताधारी पार्टी को चुनाव के समय अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलनी चाहिए और विपक्ष के लिए भी असीमित अतिरिक्त जगह नहीं होनी चाहिए।

## हमारी सरकार बनी तो 1 करोड़ युवाओं को देंगे नौकरी



**पटना।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि केंद्र में हमारी (इंडिया गठबंधन) सरकार बनी तो एक करोड़ युवाओं को नौकरी मिलेगी। पांच की जगह 10 किलो अनाज मुफ्त मिलेगा। पश्चिमी व पूर्वी चंपारण और वाल्मीकिनगर से महागठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभाओं में तेजस्वी ने कहा कि सरकार बनने पर पांच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देंगे। हर घर को दो सौ यूनिट बिजली फ्री मिलेगी। तेजस्वी ने कहा कि संविदा और आउटसोर्सिंग के नाम पर बेरोजगारों को ठगा जा रहा है। अगर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ममता, आशा, रसोइयों सहित अन्य संविदाकर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाएगा

## भोजपुरी एक्टर पवन सिंह BJP से निष्कासित

**रोहतास(बिहार)।** भोजपुरी ऐक्टर और सिंगर पवन सिंह को भाजपा ने पार्टी से निकाल दिया है।

पवन सिंह काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। काराकाट में एनडीए प्रत्याशी के तौर पर उपेंद्र कुशवाहा मैदान में हैं। पवन सिंह को कई बार काराकाट के चुनाव मैदान से खुद को अलग करने को कहा गया, लेकिन उन्होंने अपना फैसला नहीं बदला, जिसके बाद भाजपा ने उन्हें पार्टी से निकाल दिया है।

बिहार भाजपा मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा की तरफ से जारी चिट्ठी में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में पवन सिंह एनडीए के आधिकारिक प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। पवन सिंह ने पार्टी के अनुशासन के विरूद्ध कार्य किया है। इसलिए उनको पार्टी से निकाला जा रहा है।

मोदी ने चुनावी रैली में विपक्षी गठबंधन को भ्रष्टाचार पर घेरा, कहा...

# भ्रष्टाचारियों से वसूलेंगे पाई-पाई जिसने भी लूटा, लौटाना पड़ेगा

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के छठे चरण को लेकर भाजपा ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पहले उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती और बस्ती में जनसभाओं को संबोधित किया। बाद में उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चुनावी रैली को संबोधित किया। पश्चिमी दिल्ली के द्वारका इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन इंडिया पर प्रहार किया। उन्होंने कहा इंडी गठबंधन वालों को वोट देश के काम आने वाला नहीं है, जबकि भाजपा को दिया वोट विकसित भारत का संकल्प मजबूत करेगा। वहीं आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए पीएम ने कहा- दिल्ली में हम कट्टर भ्रष्टाचारियों का खेल देख रहे हैं। इन्होंने दिल्ली के साथ सबसे बड़ा धोखा किया है।



प्रधानमंत्री ने आप का नाम लिए बिना कहा कि ये इंडी गठबंधन वाले घोर भ्रष्टाचारी भी हैं, ये लोग रंगे हाथ पकड़े जा रहे हैं, सब जगह इनका भ्रष्टाचार खुलकर सामने आ रहा है। अदालतें भी इन कट्टर भ्रष्टाचारियों की लूट देखकर हैरान हैं। जो लोग राजनीति बदलने आए थे, आज वो लोग दिल्ली के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात करके बैठे हैं। उन्होंने कहा, ये इंडी वाले गरीब और मध्यम वर्ग की संपत्ति का एक्स-रे करना चाहते हैं। इसलिए मैं भी दिल्ली से पूरे देश को एक गारंटी दे रहा हूं, पिछले 10 साल मैंने जो किया है, उससे भी ज्यादा ताकत से बिना डरे हुए, बिना थके हुए, बिना दबाव में आए इन भ्रष्टाचारियों की सम्पत्ति का एक्स-रे मैं करूंगा। शराब घोटाले की कमाई हो या फिर नेशनल हेराल्ड घोटाला हो, भ्रष्टाचारियों से पाई-पाई वसूली जाएगी। जिसने लूटा है, उसे लौटाना ही पड़ेगा।

### विपक्षी गठबंधन में तीन बातें समान

पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन के लोगों में तीन चीजें समान हैं। ये तीन चीजें इनकी रगों में हैं। ये घोर सांप्रदायिक हैं, ये घोर जातिवादी हैं, ये घोर परिवारवादी हैं। दिल्ली में जो लुटियन गैंग है, जो खान मार्केट गैंग है, उसने इन घोर सांप्रदायिक लोगों की रक्षा करने में अपनी जिंदगी खपा दी। मैं इस चुनाव में एक लड़ाई लेकर निकला हूं। जिन लोगों ने भारत के संविधान के साथ धोखा किया है, जिन्होंने संविधान की मूल भावना के साथ धोखा किया है, अब समय आ गया है कि ऐसे सांप्रदायिक लोगों को देश पहचाने, मेरे मुसलमान भाई भी पहचाने।

### सिख विरोधी दंगों को लेकर घेरा

सिख विरोधी दंगे का जिक्र करते हुए पीएम ने दिल्लीवालों से सवाल किया कि इसी दिल्ली में गले में टायर बांधकर सिख भाई-बहनों को जिंदा जलाया गया था। यह गुनाह किसका था? आज कांग्रेस की छतरी के नीचे खड़ा हर दल इन दंगों का गुनहगार है। यह मोदी ही है, जो दंगों के पीड़ितों को न्याय दिला रहा है। केंद्र सरकार में आने के बाद एसआईटी का गठन किया।

### जामिया ने दलितों का आरक्षण मुस्लिमों को दिया

पीएम मोदी ने कहा कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया 60 साल तक सामान्य शिक्षण संस्थानों की तरह चला। इसमें पिछड़े, दलितों को आरक्षण मिला करता था। लेकिन मनमोहन सिंह की कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2011 में चुपचाप एक चाल चली, अचानक जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी को अल्पसंख्यक संस्थान घोषित कर दिया। इससे जामिया मिल्लिया में 50 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों के लिए लागू हो गया। कांग्रेस ने हायर एजुकेशन में एससी-एसटी-ओबीसी, दलित, आदिवासी भाई-बहनों का हक छीनने का काम किया है। 2011 के पहले जामिया मिल्लिया इस्लामिया में दाखिले के लिए सभी एससी, एसटी और ओबीसी को आरक्षण मिलता था। अब उसमें भी धर्म के आधार पर बंदिश लग गई है। जो लोग खुद को दलितों-आदिवासियों के मसीहा कहते हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कौन सी मजबूरी थी कि दलितों-पिछड़ों का आरक्षण छीन लिया गया और आप चुप रहे। देश को जवाब दीजिए।

### कांग्रेस के शहजादे ने मान ली सच्चाई

पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर परोक्ष रूप से हमला बोलते हुए कहा कि आज कांग्रेस के शहजादे ने एक बहुत बड़ा सच स्वीकार कर लिया है। कांग्रेस के शहजादे ने मान लिया है कि उनकी दादी, उनके पिताजी और उनकी माताजी के समय जो सिस्टम बना, वो दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को घोर विरोधी रहा है। कांग्रेस के इसी सिस्टम ने एससी-एसटी-ओबीसी की पीढ़ियों को तबाह किया है।

प्रधानमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कसा तंज

# पैसे देकर बुलाया, पेमेंट नहीं दिया तो मंच पर चढ़ी भीड़

एजेंसी | श्रावस्ती/बस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती व बस्ती में चुनाव सभाओं के समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनकी हाल की एक रैली को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस की रैली में लोगों को पैसे देकर बुलाया था। जब पेमेंट



नहीं मिला तो लोग मंच पर चढ़ गए और अराजकता फैलाने लगे। पीएम मोदी ने कहा कि जिस पार्टी का यह हाल हो वह आपका क्या भला कर सकते हैं। पीएम मोदी ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि शहजादे के कमांडो की तरह काम कर रहे एक नेता तीन चार दिन पहले तक ट्वीट कर मोदी को लगातार भला बुरा कहते थे। वह मुझे निवर्तमान प्रधानमंत्री मोदी लिख रहे थे। चौथे और पांचवें चरण के बाद निवर्तमान वाला मजाक भी छोड़ दिया है। कमांडो ने भी मान लिया है कि देश की जनता ने मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है।

### 4 जून को जनता इन्हें नींद से जगाने वाली है

मोदी ने बस्ती की जनसभा में विपक्ष पर जमकर हमला बोला। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के उत्तर प्रदेश में 79 सीटें जीतने के उनके दावे पर पीएम मोदी ने कहा कि मैं पहले सुना करता था कि लोग दिन में सपने देखते हैं, लेकिन अब मुझे पता चला कि इसका मतलब क्या होता है। चार जून को जनता इन्हें नींद से जगाने वाली है। तब ये लोग ईवीएम पर ठीकरा फोड़ेंगे।

हरियाणा में मोदी सरकार पर बरसे राहुल

# किसानों को राहत नहीं पूंजीपतियों के कर दिए 16 लाख करोड़ माफ

एजेंसी | चरखी दादरी(हरियाणा)

हरियाणा में लोकसभा चुनाव को लेकर जारी सियासी घमासान के बीच कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा नीत सरकार को घेरा। उन्होंने

चरखी दादरी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार चंद पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का ऋण माफ कर सकती है, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं करेगी। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के युवा देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। अग्निवीर योजना में शहीद होने पर युवाओं को न शहीद का दर्जा मिलता, न ही पेंशन मिलती और न कोई अन्य सुविधा। चार साल बाद वे युवा, फिर से बेरोजगारों की कतार में खड़े हो जाएंगे।

राहुल ने कहा, इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना रद्द की जाएगी। मोदी सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर, हिंदुस्तान के जवानों



को मजदूरों में बदल दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, हरियाणा के युवा देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। अग्निवीर योजना सेना की योजना नहीं थी, यह प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बनाई गई थी।

राहुल ने कहा, मोदी सरकार ने अरबपतियों की मदद करने के लिए भूमि अधिग्रहण बिल को खत्म करने का प्रयास किया। जबकि कांग्रेस की सरकार किसानों की जमीन की रक्षा करने और उसके सही दाम दिलाने के लिए भूमि अधिग्रहण बिल लाई थी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी इसके बाद तीन काले कृषि कानून लाए, जिसके विरोध में हरियाणा समेत अन्य प्रदेशों के किसान सड़कों पर आ गए। नरेंद्र मोदी को पीछे हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा।

शाह ने टीएमसी और कांग्रेस को घेरा

# BJP की 30 सीटें आते ही ममता की विदाई तय

एजेंसी | कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत सभी विपक्षी पार्टियों को घेरा। इसके साथ ही उन्होंने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने लोकतंत्र को खत्म कर दिया। शाह ने कहा कि बंगाल में भाजपा की 30 सीटें आते ही ममता सरकार की विदाई हो जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर राज्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं को रोकने का आरोप भी लगाया। अमित शाह ने कांथी में एक रैली को संबोधित



करते हुए कहा कि यहां पंचायत के चुनाव हुए, जिनमें 200 से ज्यादा लोग मारे गए। मगर मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस बार आप मत डरना, क्योंकि पांच चरण के चुनाव में ममता के गुंडे किसी का बाल भी बांका नहीं कर पाए। उन्होंने कहा, पांच चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। इन पांच चरणों के चुनाव में मोदी जी 310 सीट पार कर गए हैं। ममता दीदी के इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है।

विपक्षी गठबंधन इंडिया के पीएम चेहरे पर बोले जयराम रमेश

# गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी का नेता होगा पीएम, जनादेश मिलते ही चुन लेंगे

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव व्यक्तियों के बीच सौंदर्य प्रतियोगिता नहीं है। इसलिए, विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने नरेंद्र मोदी के खिलाफ प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार पेश नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि 4 जून को जनादेश मिलने के बाद कुछ घंटों के भीतर प्रधानमंत्री को चुन लिया जाएगा।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जयराम ने कहा है कि हम शॉर्टकट में विश्वास नहीं करते। यह मोदी की कार्यशैली हो सकती है। हम अहंकारी नहीं हैं। सबसे बड़ी पार्टी का उम्मीदवार ही पीएम होगा। यह वैसे ही होगा जैसे 2004 में हुआ था। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि किस पार्टी या गठबंधन को जनादेश मिलेगा। पार्टियों को बहुमत मिलता है, पार्टी अपना नेता चुनती है और वह नेता पीएम बनता है। 2004 में 4 दिन के अंदर पीएम का नाम घोषित हो गया था। इस बार 4 दिन भी नहीं लगेंगे। 2 दिन के अंदर पीएम के नाम का ऐलान होगा। सांसद मिलकर चुनेंगे। यह एक प्रक्रिया है। जयराम रमेश का यह बयान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान के एक दिन बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 4 जून को परिणाम घोषित होने के बाद इंडिया ब्लॉक सभी 26 गठबंधन सहयोगियों की बैठक में आम सहमति से प्रधानमंत्री का चयन करेगा। खड़गे ने कहा कि यह प्रक्रिया 2004 में पूर्व यूपीए द्वारा अपनाए गए दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करेगी। जयराम रमेश ने कहा कि आगामी जून को लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन इंडिया को स्पष्ट जनादेश मिलने के साथ ही '2004 जैसा क्षण' देखने को मिलेगा जब भाजपा अपने 'इंडिया शाइनिंग' (भारत उदय) अभियान के बावजूद सत्ता से बेदखल हो गई थी। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन के 'शानदार प्रदर्शन'' का एक कारण उत्तर प्रदेश में होने वाला बहुत प्रभावशाली बदलाव है।



### पीएम मोदी की गुगली-बाउंसर विफल

रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक सांप्रदायिक पिच तैयार कर रहे थे, लेकिन उनकी पार्टी ने इस पर खेलने से इनकार कर दिया और उनकी गुगली और बाउंसर को भी विफल कर दिया।

## मैं पीएम पद की दौड़ में नहीं: केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गठबंधन जीतता है वह प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल नहीं हैं। दरअसल केजरीवाल से उन अटकलों के बारे में पूछा गया था जिनमें कहा जा रहा है कि अगर कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया गुट लोकसभा चुनाव जीतता है तो वह अगले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। हालांकि उन्होंने इसे खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार का चयन लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद किया जाएगा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार केजरीवाल ने कहा कि उन्हें लगता है कि विपक्षी गठबंधन इंडिया धीरे-धीरे 300 के आंकड़े की ओर बढ़ रहा है। वह अपने दम पर सरकार बनाएगा।



### मोदी कर रहे हैं एक राष्ट्र, एक नेता पर काम

केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'एक राष्ट्र, एक नेता' की विशेष परियोजना पर काम कर रहे हैं और दावा किया कि आप के साथ जो हो रहा है वह एक प्रयोग है जिसे अन्य विपक्षी दलों के साथ भी दोहराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ बोलने वाले विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा। उन्होंने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन और मनीष सिसौदिया और खुद का नाम लिया जिन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि वे तेजस्वी यादव और पिनराई विजयन को भी जेल में डाल सकते हैं। कोई भी विपक्षी मुख्यमंत्री नहीं बचेगा।

## जरूरी खबर

### राजस्थान की क्वालीफायर-2 में धमाकेदार एंट्री

**अहमदाबाद।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने आईपीएल 2024 के क्वालीफायर-2 में धमाकेदार एंट्री की है। आरआर ने बुधवार को एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से धूल चटाई। आरसीबी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 173 रन का टारगेट दिया। जवाब में राजस्थान ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया। आरआर की 24 मई को दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ंत होगी। जो भी टीम यह मैच जीतेगी, उसकी फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स से टक्कर होगी। इससे पहले, आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 172रन बनाए। राजस्थान की ओर से आवेश खान ने तीन, आर अश्विन ने दो जबकि ट्रेंट बोल्ट, संदीप शर्मा और युजवेंद्र चहल ने एक-एक विकेट लिए।

### असम: स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा के उल्लंघन की जांच



**गुवाहाटी।** असम सरकार नलबाड़ी जिले में मतदान के दिन स्ट्रांग रूम के भीतर सुरक्षा उल्लंघन मामले में जांच कराएगी। जांच का जिम्मा गृह एवं राजनीतिक विभाग के प्रधान सचिव बी. कल्याण चक्रवर्ती को सौंपा गया है। बारपेटा लोकसभा क्षेत्र के नलबाड़ी जिले में गत सात मई को मतदान हुआ था। 14 मई को बारपेटा से कांग्रेस उम्मीदवार दीप बायन ने चुनाव आयोग से शिकायत कर ईवीएम के साथ छेड़छाड़ करने का संदेह जताया था। नलबाड़ी जिला आयुक्त वर्नाली डेका ने भी शिकायत दर्ज कराई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने PFI सदस्यों की जमानत रद्द की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत आरोपित प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े 8 लोगों को जमानत देने के मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इन लोगों की जमानत रद्द करते हुए कहा कि उनके खिलाफ आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए पैसे इकट्ठा करने के आरोप प्रथम दृष्ट्या सच प्रतीत होते हैं। न्यायाधीश बेला त्रिवेदी और न्यायाधीशपंकज मिथल की पीठ 19 अक्टूबर, 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## तेहरान पहुंचे धनखड़, रईसी को श्रद्धांजलि अर्पित की



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की अंत्येष्टि में शामिल होने तेहरान पहुंचे। धनखड़ ने तेहरान में ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर से मुलाकात की और रईसी व मीर अब्दुल्लाहियन के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने रईसी, अमीर अब्दुल्लाहियन और अन्य ईरानी अधिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आंदोलन के 100 दिन पूरे, शंभू बोर्डर पहुंचे किसान



**चंडीगढ़।** पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिमी यूपी, उत्तराखंड और राजस्थान के हजारों किसान शंभू बॉर्डर पर इकट्ठा होना शुरू कर चुके हैं। शंभू बॉर्डर पर किसान आंदोलन का गुरुवार को 100वां दिन है। इसी को देखते हुए हजारों की संख्या में किसान कूच कर रहे हैं। बुधवार सुबह से ही किसानों का धरना स्थल पर आना शुरू हो गया है। हालांकि किसानों ने ग्राउंड जीरो पर एक बड़ा पंडाल लगाया है, लेकिन स्थल के पास कई छोटे टेंट भी लगाए गए हैं। विरोध स्थल पर लगे पंडाल में बड़ी संख्या में किसान बैठे हैं। तेरह फरवरी को सुरक्षा बलों द्वारा दिल्ली की ओर मार्च रोके जाने के बाद प्रदर्शनकारी किसान अभी भी शंभू और खनौरी सीमाओं पर हैं।

**पश्चिम बंगाल: ममता सरकार को हाई कोर्ट से झटका**

# 2010 के बाद के 5 लाख ओबीसी प्रमाण-पत्र रद्द

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को कलकत्ता हाईकोर्ट से बुधवार को एक और झटका लगा है। हाई कोर्ट ने बुधवार को राज्य में वर्ष 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। हाई कोर्ट ने कहा कि फैसला सुनाए जाने के बाद रद्द किए गए प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किसी भी रोजगार प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता है।

हाईकोर्ट के इस आदेश से करीब पांच लाख ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए गए। हालांकि, साथ ही हाईकोर्ट ने कहा, इस प्रमाणपत्र के जिन उपयोगकर्ताओं को पहले ही मौका मिल चुका है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा। जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और जस्टिस राजशेखर मंथर की खंडपीठ ने बुधवार को कहा कि 2011 से किसी मानक नियम का पालन किए बिना ही राज्य में ओबीसी सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं।

इस तरह ओबीसी प्रमाण पत्र जारी करना असंवैधानिक है। ये प्रमाण पत्र पिछड़ा वर्ग आयोग की सलाह माने बिना जारी किए गए हैं, इसलिए उन सभी प्रमाण पत्रों को रद्द किया जाता है। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस कालखंड के दौरान जारी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी पाने वालों की नौकरी बरकरार रहेगी।

हालांकि, हाई कोर्ट ने विशेष रूप से तृणमूल सरकार का उल्लेख नहीं किया। लेकिन संयोग से तृणमूल कांग्रेस 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। नतीजतन, अदालत का आदेश केवल तृणमूल के समय में जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा।

### पिछड़ा वर्ग अधिनियम के अनुसार हो सूची तैयार

हाई कोर्ट ने कहा कि ओबीसी की सूची पिछड़ा वर्ग आयोग अधिनियम, 1993 के अनुसार ही तैयार की जानी चाहिए। सूची में केवल उन्हीं जातियों को शामिल किया जा सकता है जो 2010 तक ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखते थे। कोर्ट ने कहा कि इसके बाद सूची में जोड़ी गई जातियों को पहले विधानसभा में पारित कराया जाना चाहिए। कोर्ट का कहना है कि 2010 के बाद जितने भी ओबीसी सर्टिफिकेट बनाए गए हैं, वे कानून के मुताबिक ठीक से नहीं बनाए गए हैं। इसलिए उस प्रमाणपत्र को रद्द किया जाना चाहिए।



### हद पार कर रही तुष्टीकरण की नीति

कोलकाता हाई कोर्ट के एक फैसले का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि कोर्ट ने 2010 के बाद से जारी सारे ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए क्योंकि पश्चिम बंगाल की सरकार ने वोट बैंक के लिए अनाप-शनाप मुसलमानों को सर्टिफिकेट दे दिए थे। यह तुष्टीकरण की राजनीति हर हद पार कर रही है। आज कोर्ट ने तमाचा मारा है।

### ममता बनर्जी ने जताई नाराजगी

इस बीच, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि आज भी मैंने एक न्यायधीश को एक आदेश पारित करते हुए सुना, जो काफी मशहूर रहे हैं। प्रधानमंत्री इस बारे में कह रहे हैं अल्पसंख्यक तपशिली आरक्षण छीन लेंगे, क्या ऐसा कभी हो सकता है? तपशीली या आदिवासी आरक्षण को अल्पसंख्यक कभी छू नहीं सकते, लेकिन ये शरारती लोग (भाजपा) अपना काम एजेंसियों के माध्यम से कराते हैं, किसी के माध्यम से इन्होंने आदेश कराया है लेकिन मैं यह राय नहीं मानूंगी। जिन्होंने आदेश दिया है वह इसे अपने पास रखें, भाजपा की राय हम नहीं मानेंगे। ओबीसी आरक्षण जारी है और हमेशा जारी रहेगा।

### कुछ वर्गों को राजनीतिक उद्देश्य से दिया आरक्षण

खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मुसलमानों के कुछ वर्गों को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए ओबीसी आरक्षण दिया गया। पीठ ने यह भी कहा है कि मुस्लिमों के जिन वर्गों को आरक्षण दिया गया था, उन्हें राज्य की सत्तारूढ़ व्यवस्था ने एक वस्तु और वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। कोर्ट ने ये भी कहा कि राज्य सरकार ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को दरकिनार करते हुए ओबीसी के उप-वर्गीकरण की सिफारिशें कीं, जिनमें आरक्षण के लिए अनुशंसित 42 वर्गों में से 41 वर्ग मुस्लिम समुदाय के थे।

### अमित शाह ने किया फैसले का स्वागत

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, मैं हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करता हूं। ममता बनर्जी ओबीसी आरक्षण खत्म करना चाहती थीं। मुसलमानों को ओबीसी में शामिल किया गया, ये हाईकोर्ट का फैसला है, भाजपा का नहीं। हम सुनिश्चित करेंगे की हाई कोर्ट के फैसले का पालन हो। एससी, एसटी और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर यह मुस्लिमों को देना चाहते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे।

**विदेश मंत्री से विशेष उड़ानों का अनुरोध**

# किर्गिस्तान में फंसे भारतीय छात्र जल्द लौटेंगे स्वदेश

एजेंसी | हैदराबाद

किर्गिस्तान में फंसे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर परिवारों की चिंता के बीच केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मंगलवार को विदेश मंत्री जयशंकर से छात्रों को वापस लाने के लिए विशेष उड़ानें संचालित करने पर विचार करने का अनुरोध किया है।

रेड्डी ने कहा कि किर्गिस्तान में बड़ी संख्या में तेलुगु छात्र चिकित्सा में स्नातक कर रहे हैं। इससे पहले एआइएमआइएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने भी विदेश मंत्री जयशंकर से किर्गिस्तान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने का आह्वान किया था।

रेड्डी ने विदेश मंत्री जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि मुझे कई घबराए हुए माता-पिता से बच्चों की सुरक्षा पर चिंता व्यक्त करने वाले आवेदन मिले हैं। तेलुगु मीडिया द्वारा लगातार किर्गिस्तान के हालात को दिखाए जाने के कारण परिवारों की चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं।

वर्तमान में बड़ी संख्या में छात्र वहां बिना बिजली और सामान्य सुविधाओं के छात्रावासों और अपने कमरों में रह रहे हैं। बाहर मिलने पर स्थानीय छात्रों द्वारा उन पर हमले किए जा रहे हैं।





### वीडियो भी हो रहे वायरल

तनाव कम होने तक भारतीय छात्र स्वदेश लौटना चाहेंगे। इन परिस्थितियों में उनका पढ़ाई जारी रखना मुश्किल है। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष रेड्डी ने कहा कि पत्र के साथ संलग्न कुछ वीडियो और फोटो समस्या की गंभीरता को दर्शाते हैं।

**केजरीवाल का आरोप**

# माता-पिता से पूछताछ के लिए आएगी पुलिस

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्मंत्री अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि गुरुवार को दिल्ली पुलिस मेरे बूढ़े और बीमार माता पिता से पूछताछ करने आएगी। उन्होंने यह बात बुधवार रात एक ट्वीट करते हुए कही। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह पूछताछ किस सिलसिले में होगी। लेकिन संभावना है कि 13 मई को मुख्यमंत्री आवास में आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट मामले में यह पूछताछ हो सकती है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने एक्स पर लिखा, 'जब से अरविंद केजरीवाल जेल से बाहर आए हैं, भाजपा बौखला गई है, प्रधानमंत्री बौखला गए हैं।

### बयानों के वार-पलटवार

केजरीवाल ने कहा कि स्वाति मालीवाल पर हमले के मामले में वो निष्पक्ष जांच और न्याय चाहते हैं क्योंकि इस घटना के दो वर्जन हैं। वहीं, पलटवार करते हुए स्वाति मालीवाल ने कहा है कि मुझे भाजपा एजेंट कहने के बाद, मेरा चरित्र हनन करने के बाद आखिरकार उन्होंने कहा कि वो जांच चाहते हैं।

### हमारे अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष स्टेशन भेजेगा अमेरिका

**मुंबई।** अमेरिका इस वर्ष के अंत तक एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजेगा। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के बीच एनआईएसएआर (NISAR) परियोजना के तहत एक संयुक्त मिशन को भी इस वर्ष के अंत तक शुरू किया जा सकता है। एरिक गार्सेटी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्ष 2023 में अमेरिका आए थे। इस दौरान अमेरिका ने वादा किया था कि इस साल के अंत तक एक भारतीय को अंतरराष्ट्री अंतरिक्ष स्टेशन भेजा जाएगा। अमेरिका ने कहा था कि इस मिशन पर काम किया जा रहा है।

**रक्षा निर्यात: अफ्रीकी देशों पर टिकी भारत की नजर**

# तेजस-ब्रह्मोस समेत कई हथियारों की आपूर्ति पर विचार

एजेंसी | नई दिल्ली

अपने रक्षा बाजार के विस्तार में जुटे भारत की नजर अब अफ्रीकी देशों पर टिक गई। वह अब इन देशों को हथियार प्रणालियों के निर्यात को बढ़ावा देने पर काम कर रहा है। नाइजीरिया सहित कई अफ़्रीकी देशों ने सरकारी विमानन कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से भारत के घरेलू हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस और स्वदेशी हेलिकॉप्टर हासिल करने में रुचि दिखाई है। इसी क्रम में भारत ने अप्रैल में इथियोपिया, मोजाम्बिक और आइवरी कोस्ट में अपने रक्षा विषेषज्ञ नियुक्त किए थे। जल्द ही अल्जीरिया और जिबूती में भी इस तरह की तैनाती किए जाने की संभावना है। भारत ने हाल ही फिलीपीन्स को सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की आपूर्ति की थी। अब वह कुछ यूरोपीय और अफ्रीकी देशों को इस शस्त्र प्रणाली की आपूर्ति पर विचार कर रहा है। दरअसल, भारत ने 2025 तक पांच अरब डॉलर के रक्षा उत्पाद के निर्यात का लक्ष्य रखा है। इसे पाने के लिए अफ्रीकी देशों के हथियार बाजार पर तेजी से अपनी पहुंच बना रहा है।





एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अफ़्रीकी देशों को सैन्य साजो-सामान और उपकरण की सप्लाई करने से अफ्रीका महाद्वीप के रक्षा बाजार में भारत एक प्रमुख भागीदार बन जाएगा क्योंकि इस बाजार में भारतीय हथियारों की बड़ी मांग है। जिन भारतीय हथियारों की मांग अफ्रीकी देशों में सबसे ज्यादा है उनमें ब्रह्मोस मिसाइल और आकाश मिसाइल शामिल हैं। इनके अलावा बख्तरबंद वाहन, पिनाका रॉकेट एंड लॉन्चर और 55 मिमी एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन्स (एटीएजी) की मांग अफ्रीकी देशों द्वारा की जा रही है। भारत ने भी अफ्रीकी महादेश में अपने रक्षा उत्पादों की बढ़ती मांग को देखते हुए एक लंबी उत्पाद श्रृंखला की पेशकश की है।

भारतीय हथियारों की तेजी से बढ़ती मांग पर अफ्रीकी सैन्य मामलों के प्रमुख प्रकाशन मिलिट्री अफ्रीका के निदेशक एकेन लियोनेल ने कहा कि अगर भारत उग्रवाद और आंतकवाद विरोधी अभियानों के संचालन में आवश्यक हथियारों की आपूर्ति अफ्रीकी देशों को करता है तो भारत जल्द ही महाद्वीप में रक्षा निर्यात का एक पावर सेंटर बन सकता है। उन्होंने कहा कि इसके पीछे सबसे बड़ी वजह भारतीय रक्षा उत्पादों का किफायती होना है। हालांकि, उनकी निजी राय है कि भारत को अफ्रीकी देशों में हथियारों की बिक्री बढ़ाने की बजाय संकट ग्रस्त देशों को राजनयिक सहायता उपलब्ध करानी चाहिए और उन देशों में राजनयिक गतिविधियों को बढ़ाना चाहिए।

**पोर्श सड़क हादसा**

# नाबालिग की बेल रद्द बाल सुधार गृह भेजा

एजेंसी | पुणे

जुवेनाइल कोर्ट ने बुधवार को पोर्श सड़क हादसे मामले में 17 वर्षीय लड़के की जमानत रद्द कर दी। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी। अदालत ने उसे 5 जून तक बाल सुधार गृह में भी भेज दिया है।

रविवार को कथित तौर पर शराब के नशे में एक नाबालिग लड़के द्वारा चलाई जा रही लग्जरी गाड़ी की चपेट में आने से बाइक सवार दो आईटी प्रोफेशनल्स - अनीश अवधिया और अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। दोनों दोस्तों के साथ भोजनकर वापस लौट रहे थे तभी तेज गति से आ रही पोर्श कार ने उन्हें टक्कर मार दी।


जाने-माने रियल एस्टेट डेवलपर के नाबालिग बेटे को घटना के कुछ घंटों बाद इस शर्त पर जमानत दे दी गई थी कि वह 15 दिनों के लिए येरवडा ट्रैफिक पुलिस के साथ काम करेगा और सड़क दुर्घटनाओं पर एक निबंध लिखेगा। इसके बाद सोशल मीडिया पर काफी हंगामा मच गया था। जमानत शर्तों की आलोचना के बाद पुणे पुलिस ने कहा कि वे इस आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे।

कल मनोज बाजपेयी उतरेंगे 'देसी सुपर स्टार' के अवतार में, रिलीज होगी मोस्ट अवेटेड फिल्म

# भैया जी बोल रहे हैं... आ रहे हैं अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा

**शिवराज गुर्जर.जयपुर।** सत्या के भीखू म्हात्रे और शूल के समर प्रताप सिंह के रूप में लोगों के दिलों पर छा जाने वाले अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों एक और वैसे ही फाड़ अवतार को लेकर चर्चा में है। उनका यह नया रूप दिखेगा उनकी अपकमिंग मोस्ट अवेटेड फिल्म भैया जी में। ट्रेलर, टीजर और गानों में जो मनोज बाजपेयी दिखाई दे रहे हैं, उसने दर्शकों में फिल्म के प्रति जबरदस्त बज बना दिया है। जो डायलॉग और पंच लाइन्स प्रमोशन में यूज किए जा रहे हैं वो एक्टर की अभिनय प्रतिभा को एक और स्टेज आगे ले जाने वाले हैं। फिल्म की स्टोरी जो अब तक सामने आई है उसके अनुसार भैयाजी बड़े वाले बाहुबली हैं, लेकिन इमोशनल भी बहुत हैं। उनका खौफ इतना है कि लगभग मर जाने वाली स्थिति के बावजूद पूरी गुंडों की फौज उनको हाथ लगाने से भी डरती दिखाई गई है। सब एक दूसरे को तू मार-तू मार करते दिख रहे हैं। फिल्म में विलन का बेटा उनके छोटे भाई को मार देता है, इसके बाद वे उसकी मौत का बदला कैसे लेते हैं, यही दिखाया गया है।



### बहुत मारक हैं पंच लाइंस

फिल्म के ट्रेलर, टीजर और प्रोमोशनल वीडियोज में जो पंच लाइंस सामने आ रही हैं वो बड़ी ही मारक हैं, उस पर मनोज बाजपेयी की एक्टिंग। बाप रे कमाल है। उनकी आंखें डायलॉग से बहुत ज्यादा कह जाती हैं। पंच लाइन ऐसी हैं जो बहुत जल्द जुबान पर चढ़ने वाली हैं। भैयाजी बोल रहे हैं... आ रहे हैं हम, अब निवेदन नहीं नरसंहार होगा, बड़ा भाई भी तो बाप समान होता है, यह तो सिर्फ बानगी है। असली मसाला तो मूवी में है। बज बहुत अच्छा बना हुआ है अब देखना है कि क्या यह बॉक्स ऑफिस पर सिक्कों में बदल पाएगा।

### जयपुर में पांच स्क्रीन पर 23 शो

भैया जी की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। यह जयपुर में पांच स्क्रीन्स पर 23 शो में रिलीज हो रही है। पीवीआर आइनॉक्स मॉल वैशाली नगर में 7, गोलेछा सिनेमा में 4, फन स्टार सिनेमा विद्याधर नगर में 5, गैलेक्सी सिनेमा मानसरोवर में 3 और कोहिनूर सिनेमा सांगानेर में 4 शो में दिखाई जाएगी। जयपुर में सबसे पहला शो गैलेक्सी में सुबह 9:45 बजे शुरू होगा।

### 'एक बंदा काफी है' की टीम फिर आई है साथ

ओटीटी पर धमाल मचाने वाली मनोज बाजपेयी की फिल्म 'एक बंदा काफी है' के मेकर्स ने ही फिल्म भैया जी बनाई है। अपूर्व सिंह कार्की ने फिल्म का डाइरेक्शन किया है, जो 'एक बंदा काफी है' के निर्देशक हैं। इसके प्रोड्यूसर हैं विनोद भानुशाली, कमलेश भानुशाली, विक्रम खाखर, शैल ओसवाल और समीक्षा ओसवाल।

## चतुर्भुज मंदिर में नृसिंह जयंती



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ उत्तर तोदाद्रि मठ श्री गलता जी के छोटी चौपड़ स्थित चतुर्भुज मंदिर में गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में नृसिंह जयंती मनाई गई। इस अवसर पर चतुर्भज भगवान का नृसिंह रूप में श्रृंगार किया गया। भगवान को शीतल पेय पदार्थों फलों आदि का भोग लगाया गया। गलतापीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज द्वारा आरती की गई।

## राज्यवर्धन सिंह ने बांधे परिंडे



**बेधड़क. जयपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा राजस्थान द्वारा प्रदेश भर में बेजुबान परिंदों के लिए चलाए जा रहे 'एक परिंडा मेरा भी' अभियान के तहत बुधवार को झोटवाड़ा विधानसभा के वार्ड 44 स्थित करधनी सेंट्रल पार्क में कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भाजयुमो नेताओ के साथ बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए। मंत्री राठौड़ ने इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करने हेतु 'एक परिंडा मेरा भी अभियान' एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विशाल पार्थ ने बताया कि भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अंकित गुर्जर चेची के नेतृत्व में अब तक एक लाख से अधिक परिंडे लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र सतनाली, भाजयुमो नेता अनुज शर्मा, अजय सिंह शेखावत, सुमन कंवर, पार्षद वार्ड 44 सुशील बारी और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एवं मंडल के पदाधिकारी और नगर के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## City इवेंट्स

### मणिपुर के हिंसा पीड़ितों को मदद भेजी



**बेधड़क. जयपुर।** नेशनल यूथ प्रोजेक्ट (एनवाईपी) और भारत सेवा संस्थान ने मणिपुर की ताजा हिंसा के शिकार लोगों को मदद पहुंचाने के लिए मणिपुर के अनेक जिलों में राहत सामग्री का वितरण शुरू किया है। भारत सेवा संस्थान के सचिव गिरधारी सिंह बापना ने बताया कि पिछले एक वर्ष से जातीय हिंसा की आग में झुलस रहे मणिपुर में हालत बहुत खराब है। हिंसा के ताजा दौर के बाद संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देश पर राजस्थान के संयोजक हनुमान शर्मा को राहत सामग्री के साथ इम्फाल भेजा है। एनवाईपी के राष्ट्रीय सचिव रण सिंह, मुरैना से भी उनके साथ हैं। ये दोनों वहां एकता परिषद के स्वयंसेवकों के सहयोग से इम्फाल ईस्ट और वेस्ट के साथ विष्णुपुर, थाउबल और काकचिंग के राहत शिविरों में रह रहे लोगों, विशेष रूप से बच्चों को, दूध पाउडर, सेरेलैक, लैकटोजन और अन्य सामग्री वितरित कर रहे हैं।

### सरदार जसबीर सिंह छाबड़ा बने अध्यक्ष



**बेधड़क. जयपुर।** सिख समाज की रजिस्टर्ड संस्था 'कौन बनेगा गुरसिख बच्चा' (केबीजीबी) के चुनाव में सरदार जसबीर सिंह छाबड़ा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। सिख समाज की कई धार्मिक, समाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े सरदार जसबीर सिंह को 'बोले सो निहाल सत श्री अकाल' जयकारे के साथ सर्वसम्मति से केबीजीबी संस्था का अध्यक्ष चुना गया। जसबीर सिंह ने विश्वास दिलाया कि संस्था सिख समुदाय में धार्मिक, शैक्षणिक और वैवाहिक क्षेत्रों में सेवा के नए प्रोजेक्ट शुरू करेगी, इसके लिए विभिन्न कमेटियों का गठन होगा। केबीजीबी संस्था में सुखदेव सिंह महासचिव और कोषाध्यक्ष सरदार सुरेंद्र सिंह को चुना गया। सरदार हरमिंदर सिंह 'मिन्नी' वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिंह रॉबिन उपाध्यक्ष, कोटा के सरदार सुखविंदर सिंह जॉइंट सेक्रेटरी मनोनीत हुए। सरदार ओंकार सिंह, सरदार दीप सिंह, सरदार गुरपाल सिंह, मेहरबान सिंह, राजिंदर सिंह, डॉ. मंजीत कौर और अरविंदर सिंह टक्कर कार्यकारिणी के मानद सदस्य चुने गए।

श्रमण संस्कार शिविर की कक्षाओं की सराहना

## शशांक सागर को चातुर्मास के लिए किया श्रीफल भेंट



बेधड़क | जयपुर

जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में प्रवास कर रहे आचार्य शशांक सागर मुनिराज को वरुण पथ मानसरोवर समाज के प्रतिनिधियों ने श्रीफल भेंट कर चातुर्मास के लिए निवेदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके बाद संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में विदुषियों द्वारा ली जा रही कक्षाओं का अवलोकन किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि शिविर में नित्य चल रही बाल संस्कार, सिद्धांत प्रवेशिका, इष्टोपदेश, द्रव्यसंग्रह आदि क्लासेज की वरुण पथ जैन समाज के अध्यक्ष एमपी जैन, उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनी, मंत्री ज्ञान चंद बिलाला, मुनि व्यवस्थापक निर्मल शाह आदि ने सराहना की। संयोजक राजेंद्र ठोलिया व सुरेश शाह के अनुसार शिविर में बुधवार को दीप प्रज्वलन ज्योतिनगर निवासी श्रेष्ठी राजेंद्र कुमार , मंजु देवी, सीएस संदीप जैन व श्वेता बड़जात्या परिवार ने किया।

इन सब का तिलक लगाकर सम्मान ताराचंद गोधा, दिलीप चांदवाड़, मिश्री लाल काला, विनय सेठी, सोहनी देवी, अनिता बिंदायक्या द्वारा किया गया। शिविर समापन पर सभी को प्रभावना दी गई।

बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## देशभक्ति संगीत संध्या में राजीव को दी गीतों भरी श्रद्धांजलि




बेधड़क | जयपुर

भारत रत्न राजीव गांधी के बलिदान दिवस पर स्वेज फॉर्म, सोडाला स्थित हीरा वैली रिसॉर्ट में देशभक्ति संगीत संध्या का आयोजन किया गया। सुर कल्चर सोसायटी सारेगामा फेम लियाकत अली एवं उनके साथियों ने देश भक्ति गीतों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम संयोजक राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के पूर्व सदस्य भवानी शंकर माली ने बताया कि देशभक्ति संध्या कार्यक्रम में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष देवेंद्र कछावा, जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरआर तिवारी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री महासचिव गिरिराज गर्ग, बाल विकास समिति की अध्यक्ष शीला सैनी, जयपुर शहर ओबीसी कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील सैनी मौजूद रहे। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के अध्यक्ष अनुभव चंदेल, जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव सीताराम नेहरू, शौर्य सेवा संस्थान की फाउंडर संतोष सैनी, मानसरोवर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय बाहेती, प्रदेश ओबीसी के महामंत्री धनराज कुमावत, पार्षद गण, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोगों ने कार्यक्रम में राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी।


नृसिंह चतुर्दशी | श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में नृसिंह यज्ञ का आयोजन

## नृसिंह भगवान का विशेष अलंकार, किया कवच पाठ

बेधड़क | जयपुर

श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में नृसिंह चतुर्दशी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृष्ण बलराम का विशेष चन्दन अलंकार किया गया, जिसे देखकर भक्त भाव विभोर हो गए।

मंदिर में विशेष फूल बंगला झांकी सजाई गई, जिसे देखने के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ था। भक्तों ने नृसिंह यज्ञ में भाग लेकर उनका विशेष आशीर्वाद प्राप्त किया। गौरतलब है कि इन दिनों श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में हरे कृष्ण कल्चर कैंप का



आयोजन हो रहा है और नृसिंह चतुर्दशी के दिन कल्चर कैंप में भाग लेने आये बच्चों ने भी नृसिंह यज्ञ में भाग लिया और साथ ही नृसिंह आरती भी गाई। मंदिर में संध्या के समय नृसिंह यज्ञ किया गया और साथ ही भक्तों ने नृसिंह कवच का पाठ भी किया। इसके साथ ही तीन दिवसीय नृसिंह कथा का आयोजन हरे कृष्ण मूवमेंट और कृष्णभावनामृत सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।



### सूर्यास्त के समय की जाती है भगवान की पूजा

मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने नरसिम्हा चतुर्दशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो भक्त आज के दिन भगवान नरसिम्हा की विधि विधान से पूजा करते हैं और व्रत रखते हैं। उन्हें महान फल की प्राप्ति होती है और वैकुण्ठ लोक में स्थान मिलता है। नरसिम्हा चतुर्दशी वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के दिन मनाई जाती है। भगवान नरसिम्हा चतुर्दशी के दिन सूर्यास्त के समय प्रकट हुए थे और इसीलिए सूर्यास्त के समय ही भगवान की पूजा अर्चना की जाती है।

जहां सादगी, अच्छाई और सच्चाई नहीं है, वहां कोई महानता नहीं है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### यूक्रेन के पास पानी में चलने वाला दुनिया का पहला आत्मघाती ड्रोन

# ‘ब्लैक सी’ में ‘सी बेबी’ फाइटर्स को बना रहा निशाना

**एजेंसी** | कीव

दुनिया का पहला नौ सैनिक ड्रोन यूक्रेन ने विकसित कर लिया है। इस छोटे से ड्रोन में दो एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलें लगी हुई हैं। इस मानव रहित नौ सैनिक ड्रोन का नाम ‘सी बेबी’ है। अब इन ड्रोन की मदद से यूक्रेन काला सागर में रूस के युद्धपोतों, विमानों, हेलिकॉप्टरों और फाइटर जेट्स को निशाना बना रहा है। इससे पहले इन ड्रोन्स में मिसाइल नहीं लगे थे। ये विस्फोटक लेकर जाते थे और युद्धपोत से टकरा जाते थे। ऐसे ही एक ड्रोन ने रूस के जंगी जहाज मोस्कोवा को सेवास्तोपोल पोर्ट के पास डुबोया था। उसके बाद इनको निशाना बनाने के लिए रूस ने हेलिकॉप्टरों और फाइटर जेट्स का इस्तेमाल किया। यूक्रेन ने हवाई हमलों से बचने के लिए इसमें हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगा दीं। जंग के मैदान में ये ड्रोन्स सफल साबित हो रहे हैं। पहले तो ये पूरी तरह से आत्मघाती होते हैं। इनमें भारी मात्रा में विस्फोटक लदा रहता है। इसके अलावा अब इसमें मिसाइलें भी तैनात कर दी गई है। अब ये और घातक हो गया है।



### फ्यूचर में लगेगी मशीन गन, ब्रिटेन की मिसाइलों से लैस

सी बेबी में यूक्रेन इसमें मशीनगन भी लगाने जा रहा है ताकि ताबड़तोड़ हमला किया जा सके। साथ ही उसके किसी सैनिक को नुकसान न हो। नया ड्रोन यानी सी बेबी पिछले ड्रोन से ज्यादा खतरनाक है। इसमें दो R-73 एयर-एयर मिसाइलें लगी हैं। यूक्रेन को ये मिसाइलें ब्रिटेन ने दी हैं। अगर मिसाइलों से कोई युद्धपोत बच जाए तो ड्रोन आत्मघाती हमला कर देता है।

### इस ड्रोन ने बढ़ाई यूक्रेन के सेल्फ प्रोटेक्शन की ताकत

ये मिसाइलों मिग-29, सुखोई-27 में लगती हैं, जो कि फाइटर पायलट्स हेलमेट माउंटेड सिस्टम से दागते हैं। यूक्रेन के इस ड्रोन का फायदा ये है कि इससे सेल्फ प्रोटेक्शन का मामला बढ़ जाता है। अब यह तेज गति से चलने वाला ड्रोन है। आसानी से टारगेट नहीं बनाया जा सकता। आवाज कम है, इसलिए आते हुए पता नहीं चलता।

### यूक्रेन क्रीमिया और ब्लैक सी से दे रहा रूस को टक्कर

क्रीमिया में मौजूद रूसी बेस पर इस ड्रोन के जरिए यूक्रेन सीधा हमला कर सकता है, वह भी बिना पता चले। यह चुपचाप नहरों के किनारे खड़ा रह सकता है। अब दुनिया भर के नौ सैनिक ड्रोन बनाने वाली कंपनियां यूक्रेन के इस ड्रोन को लेकर खुश हैं, वो इसकी डिजाइन और तकनीक की मांग कर रहे हैं।


### फैसले पर भड़क उठा इजराइल... तोड़ा कूटनीतिक रिश्ता

# तीन देश फिलिस्तीन को देंगे स्टेट की मान्यता

**एजेंसी** | बार्सिलोना

पिछले साल 7 अक्तूबर से ही इजराइल-हमास के बीच युद्ध जारी है। इस युद्ध में 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। हमास के अंत का लक्ष्य लेकर गाजा पर बम बरसा रहे इजराइल को एक बड़ा झटका लगा है। नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने फिलिस्तीन को देश के रूप में मान्यता देना की घोषणा कर दी है। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोर ने कहा कि इजराइल के हित में यही है कि टू-स्टेट सॉल्यूशन हो जाए।

दरअसल, टू-स्टेट सॉल्यूश का मतलब है कि इजराइल और फिलिस्तीन दोनों को देश का दर्जा मिले। भारत भी टू-स्टेट सॉल्यूशन की वकालत करता आया है। पीएम जोनास गार स्टोर ने कहा कि जब तक फिलिस्तीन को देश की मान्यता नहीं दी जाती तब तक मध्य पूर्व में शांति नहीं हो सकती। गहर स्टोरे ने कहा कि स्कैंडिनेवियाई देश आधिकारिक तौर पर 28 मई तक एक फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देगा। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देकर नॉर्वे अरब शांति योजना का समर्थन करता है।



### 28 मई को होगी मीटिंग

पिछले हफ्तों में कई यूरोपीय संघ के देशों ने संकेत दिया है कि वे फिलिस्तीन को मान्यता देने की योजना बना रहे हैं। उनका तर्क है कि क्षेत्र में स्थायी शांति के लिए दो-राज्य समाधान आवश्यक है। नॉर्वे के ऐलान के बाद आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमॉन हैरिस ने भी फिलिस्तीन को देश के रूप में मान्यता देने की बात कही। हैरिस ने कहा कि आज आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन ने फिलिस्तीन को मान्यता देना का फैसला किया है। स्पेन के पीएम पेड्रो सैंशेज ने कहा कि इस मामले पर हमारी कैबिनेट की मीटिंग 28 मई को होगी।

### इजराइल ने बुलाए राजदूत

आयरलैंड, नॉर्वे और स्पेन द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता देने के फैसले से इजराइल नाराज हो गया है। इजराइल ने कहा कि वह फैसलों के विरोध में आयरलैंड और नॉर्वे से अपने राजदूतों को तत्काल प्रभाव से वापस बुला रहा है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि होलोकॉस्ट के बाद हमास आतंकवादी संगठन द्वारा यहूदियों के सबसे बड़े नरसंहार को अंजाम देने, दुनिया द्वारा देखे गए जघन्य यौन अपराधों के बाद भी इन देशों ने फिलिस्तीनी राज्य को मान्यता देकर हमास और ईरान को पुरस्कृत करने का फैसला किया है।

### इजराइल हुआ आग-बबूला

इन तीनों देश के फैसले से इजराइल नाराज है। इजराइल ने आयरलैंड और नॉर्वे से अपने राजदूतों को तत्काल लौटने का आदेश दिया है। इजराइल ने कहा कि इस फैसले से अतिवाद बढ़ेगा और मध्य पूर्व में अशांति बढ़ेगी।

### पाकिस्तान ने किर्गिस्तान के लिए चलाए विशेष विमान

# 3000 से ज्यादा छात्र लौटे पाकिस्तान

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

प्रवासियों के साथ विवाद को लेकर विदेशियों पर हाल के हमलों के बाद पिछले सप्ताह तीन हजार से अधिक पाकिस्तानी किर्गिस्तान से स्वदेश लौट आए हैं। इन लोगों में ज्यादातर छात्र शामिल हैं। उप प्रधानमंत्री ने बुधवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने लोगों को स्वदेश वापस लाने के लिए सप्ताहांत में विशेष और वाणिज्यिक उड़ान का इस्तेमाल शुरू किया। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थिति अब नियंत्रण में है और अधिकारी पाकिस्तानियों समेत विदेशियों पर हमला करने वाले लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या पाकिस्तानी किर्गिस्तान में अध्ययन करते हैं या काम करते हैं और उनमें से ज्यादातर स्वदेश लौटना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले दिन बिश्केक गए थे, जहां उन्होंने अपने समकक्ष के साथ वहां रहने वाले पाकिस्तानियों से भी मुलाकात की। डार ने कहा कि बिश्केक में हालांकि स्थिति अब सामान्य है और हम उन पाकिस्तानियों की मदद कर रहे हैं जो वापस आना चाहते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक मिस्र के छात्रों के साथ स्थानीय लोगों की मारपीट हुई थी। इससे भड़के हुए लोगों ने पाकिस्तानी और भारतीय छात्रों पर हमला किया। पाकिस्तान के छात्रों के हॉस्टल पर हमले में कई दर्जन छात्र घायल हुए थे। पाकिस्तान के छात्रों ने एक वीडियो में दावा किया था हमले में तीन छात्र मारे गए हैं, लेकिन बाद में यह बात गलत साबित हुई थी।








### श्रीलंका के विदेश मंत्री बोले...

# भारत की सुरक्षा हमारे लिए बेहद अहम

**एजेंसी** | कोलंबो

श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा है कि भारत की सुरक्षा हमारे लिए बेहद अहम है। अली साबरी ने कहा कि श्रीलंका एक जिम्मेदार पड़ोसी के रूप में किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने की इजाजत नहीं देगा।

श्रीलंकाई विदेश मंत्री ने कहा कि हमारा देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। साबरी ने कहा कि श्रीलंका, भारत के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती देने की दिशा में काम करना चाहता है। चीन के रिसर्च जहाजों के श्रीलंकाई पोर्ट पर रुकने से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा कि श्रीलंका सभी देशों के साथ सहयोग करना चाहता है।

हालांकि किसी अन्य देश की सुरक्षा को खतरे में नहीं डालेगा। अगर भारत अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा तो श्रीलंका उस पर अवश्य ध्यान देगा। हम किसी भी देश को भारत को नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे। साबरी ने कहा कि श्रीलंका एक जिम्मेदार पड़ोसी है और अपने पड़ोसी देशों के सुरक्षा संबंधी चिंताओं के प्रति गंभीर सोच रखता है।

साबरी ने कहा कि हाल ही में चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बन गया है, लेकिन श्रीलंका भारत के साथ भी सहयोग करना चाहता है। श्रीलंका किसी तीसरे पक्ष को खतरे में नहीं डालेगा। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका सभी देशों के साथ पारदर्शी ढंग से मिलकर काम करना चाहता है। हालांकि, कभी भी ऐसा कदम नहीं उठाएगा या ऐसी किसी भी गतिविधि को मंजूरी नहीं देगा जिससे इसके पड़ोसी देशों के हित प्रभावित होते हों।



### श्रीलंका ने रोका था चीनी जहाज

पिछले साल भारत ने चीनी जहाज के श्रीलंका में रुकने को लेकर चिंता जताई थी। भारत ने श्रीलंका को बताया कि चीन अपने रिसर्च करने वाले जहाजों के जरिए भारत की जासूसी करने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद श्रीलंका ने सितंबर 2023 में चीनी जहाजों को रुकने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। साबरी ने बताया कि भारत की चिंता को ध्यान में रखते हुए श्रीलंका ने एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) बनाया है। अब इस एसओपी का पालन करने वाले जहाजों को ही श्रीलंकाई जल क्षेत्र में रुकने की इजाजत दी जाती है।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl